तापमान

अधिकतम 40.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार, 20 मई 2025



12 बस स्टैंड में पार्किंग की जगह पर अवैध कब्जा





13 डंगनिया-परसदा सड़क हुई जर्जर क्षेत्रवासियों ने की मरम्मत की मांग






### आरोपियों से 8 लाख रुपए के नशे का सामान जब्त

# शहर में हेरोइन का बड़ा कारोबार, ड्रग पैडलर सहित दो पुलिस के हत्थे चढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर में हेरोइन (चिट्टा) का अवैध कारोबार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 8, 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर और सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि कुरुद कोहका में स्थित होटल रुद्राक्ष से दो युवक चिट्टा बेचते और पीते पकड़े गए। युवकों का नाम हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी वैभव सोनी और शुभम सिंह है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मुखबिर से जामुल पुलिस को रविवार की शाम सूचना मिली कि होटल रुद्राक्ष के कमरा नंबर 106 में दो युवक रुके हुए हैं। दोनों के पास महंगा नशीला पदार्थ है। उसे खरीदने के लिए उनके पास कई बड़े घरों के लड़के पहुंच रहे हैं। मौके पर जामुल पुलिस पहुंची और कमरा नंबर 106 में दबिश दी। जहां से दोनों युवको को गिरफ्तार कर उनके पास से पुलिस ने कमरे की तलाशी करने पर 65 ग्राम हेरोइन जब्त किया गया। कीमत 8 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपियों के पास से इलेक्ट्रॉनिक तराजू, दो मोबाइल फोन, इनोवा कार जब्त की गई। वैभव सोनी ने शुक्रवार रात को कमरा बुक कराया था। शुभम सिंह भी उसके कमरे में नशा करने पहुंचा था। कार्रवाई में जामुल टीआई राजेश मिश्रा और उनकी टीम का योगदान रहा है।

## होटल में रुके हुए थे युवक, जामुल पुलिस की कार्रवाई



### पंजाब से आता है हेरोइन

जांच में यह बात सामने आई है कि वैभव सोनी बड़ा नशेड़ी है? पहले भी नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती हो चुका है। पिता के रोकने और पैसे न देने पर वह पंजाब से हेरोइन मंगवाकर उसे भिलाई में डबल रेट में बेचकर अपना नशे का शौक पूरा करता था। इस तरह से चिट्टा का अवैध कारोबार शहर में जोरों पर है। पुलिस अभियान चलाकर कारोबार करने वालों पर कार्रवाई करती आ रही है।

### दो साल में लाखों रुपए के हेरोइन जब्त

आंकड़ों के मुताबिक जिले में 2023 में हेरोइन ( चिट्टा) के दो मामले सामने आए। जिसमें आरोपियों से 152.26 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। जिसकी कीमत 7 लाख 75 हजार 200 रुपए आंकी गई है। इसके अलावा वर्ष 2024 में हेरोइन (चिट्टा) के चार मामले सामने आए हैं। जिसमें आरोपियों से 38.54 ग्राम बरामद चिट्टा की कीमत 2 लाख 45 हजार 180 रुपए आंकी गई। जिले में नशे को लेकर एएसपी विजय अग्रवाल ने बड़ा अभियान चलाकर इसे जुड़े कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने में जुटी हुई है। नशे के कई आरोपी आज जेले के सलाखों के पीछे है। मई माह में कई मामले नशाखोरी व तस्करी के सामने आ चुके हैं।

### ससुराल से आरोपी गिरफ्तार, स्मृति नगर पुलिस चौकी की घटना

# गोवा टूर, गोल्ड क्वाइन और जमीन के नाम पर 70 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गोवा टूर, गोल्ड क्वाइन और जमीन का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले युवक को ससुराल से पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि भिलाई तीन निवासी सुषमा सिंहने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि वर्ष 2022 में एक डिजायर ताज वेकेशन के नाम से सूर्या ट्रेजर आईलैन्ड में ऑफिस खोला गया था। जहां डिजायर ताज वेकेशन के डायरेक्टर पिंदू सोनेकर ने लोगों को प्रलोभन देकर ठगी की है। पिंदू लोगों को 10 साल की सदस्यता लेने पर 1000 वर्गफीट जमीन, सोने का क्वाइन और टूर एण्ड ट्रेवल्स में फ्लाईट से गोवा ट्रिप कराने का ऑफर दिया था। कंपनी के लुभावने ऑफर के झांसे में सुषमा भी आ गई। उसने



अपने साथ उषा देवी, संजना देवांगन, पंकज दिल्लीवार, एकता बंजारे, के. प्रियंका, वी. नागेश्वर, शंशाक सार्वा, एस. कल्याणी, गंगा बाई समेत अन्य लोगों के साथ मिलकर 10 साल की सदस्यता खरीदी। पीड़ितों को पता चला कि नागपुर महाराष्ट्र निवासी पिंटू रमेश सोनेकर 70 लाख रुपए से अधिक की ठगी कर फरार है। आफिस आने पता चाल कि वहां ताला लटका है। स्मृति नगर पुलिस चौकी में घटना की शिकायत करने पहुंच गई। इस दौरान चौकी प्रभारी गुरविंदर सिंह संधु जूद थे।

### 3 आरोपियों ने मिलकर फर्जी कंपनी खोली

स्मृति नगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर पिंटू की खोजबीन में टीम जुट गई। पुलिस को सूचना मिली कि पिंदू रमेश सोनेकर अपने ससुराल दुर्ग छिपा हुआ है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी पिंदू ने पुलिस को बताया कि अपने साथी मयूर मेश्राम, प्रशांत खोपड़े के साथ मिलकर एक डिजायर ताज वेकेशन के नाम की फर्जी कंपनी बनाई। टीआई सूर्या मॉल में उसका आफिस खोला। वहां लोगों को अधिक फायदा देने और टूर एण्ड ट्रेवल्र्स के नाम पर गोवा ट्रिप कराने का लालच देकर अलग-अलग किस्त में रकम जमा कराकर ठगी करना स्वीकार किया। पुलिस मयूर मेश्राम, प्रशांत खोपड़े फरार थे। जिन्हें रिमाण्ड लेकर पुलिस ला रही है।

## महिला को जड़ा थप्पड़ , भाई के सिर पर बियर की बॉटल फोड़ी, केस

**भिलाई।** महिला के गाल पर थप्पड़ जड़कर उसके भाई के सिर पर बियर का बॉटल फोड़कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सत्यम चौक, रुआबांधा बस्ती निवासी कौशल्या साहू ने शिकायत किया है कि 18 मई को घर के बाहर खड़ी बाइक सीजी 07 सीडी 1203 को सीजी 07 सीएम 4939 में सवार होकर पहुंचे युवकों ने ठोकर मार दी। घटना की आवाज सुनकर महिला घर के बाहर निकलने पर तीनों युवकों को वाहन ठीक से चलाने की हिदायत दी। तीनों युवकों ने महिला को गाली गलौज कर उल्टा चार-पांच थप्पड़ जड़ दिया। अपने भाई श्रवण कुमार साहू को आवाज देने पर भाई घर से बाहर आया। उसे भी युवकों ने जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर गाली गलौज किया गया। श्रवण पर आरोपी युवकों ने बियर की बॉटल भी फोड़ा गया।






## मकान का ताला तोड़कर 2 लाख रुपए के जेवरात पार



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तीन अलग-अलग मकानों का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि म.नं. 75/ए एसबीआई कालोनी जुनवानी निवासी ममता पाल के मकान के बाउण्ड्रीवाल से कुदकर मेन गेट का दरवाजा तोड़ कर मकान में घुसकर चोरी किया गया। मकान से अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात 40 हजार रुपए पार कर दिया है। वहीं दूसरी घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है। श्याम वेल्डिंग के पीछे ओम नगर उरला दुर्ग निवासी कुंवर प्रताप सिंह राजपुत अपने परिवार समेत 17 मई को पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने राजनांदगांव गये थे। आलमारी और लाकर से जेवरातों को पार कर दिया। नगदी रकम 70 हजार रुपए गायब मिले। वहीं तीसरी घटना अमलेश्वर थाना क्षेत्र का है जहां से 90 हजार रुपए के जेवरात पार कर दिया है। घटना की शिकायत कबीर नगर अमलेश्वर निवासी मुकेश देवांगन ने पुलिस से किया है। पीड़ित परिवार समेत मकान में ताला जड़कर ससुराल चंगोराभांठा रायपुर गये थे।

- सुपेला, मोहन नगर, अमलेश्वर थाना क्षेत्र की घटना
- नगदी रकम भी लेकर भागे चोर


GOAL®

Educational Services Pvt. Ltd.

Nation's Leading Institute

1800+ Success Stories of Chhattisgarh & A Legacy of Excellence

GOAL छत्तीसगढ़ के सफल छात्रों को AIIMS & JMC RAIPUR में पढ़ने का मौका मिला NEET 2024

NEET की सटीक तैयारी, Goal Institute के साथ !



इस वर्ष नीट 2025 में कठिन प्रश्न आने के बावजूद भी GOAL के 42 QUESTION MATCHED हुए

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.2 | AITS Flash Back-02 (Q.NO.-50) | 08.09.2024 |
| | SPOT TEST-02 (Q.NO-29) | 22.01.2025 |
| Q.3 | AITS F.B.-04 (Q.NO-13) | 01.12.2024 |
| Q.8 | DPP-25 (Q.NO-02) | 21.04.2025 |
| Q.9 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-138) | 13.04.2025 |
| Q.11 | DPP-09 (Q.NO-02) | 11.03.2025 |
| Q.20 | DPP-11 (Q.NO-43) | 18.03.2025 |
| Q.27 | DPP-25 (Q.NO-22) | 21.04.2025 |
| Q.32 | SPOT TEST-14 (Q.NO-13) | 23.04.2025 |
| Q.33 | AITS MAJOR TEST -5 (Q.NO-148) | 16.03.2025 |
| Q.34 | AITS MAJOR TEST-10 (Q.NO-148) | 20.04.2025 |
| Q.42 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-06) | 30.06.2024 |
| Q.43 | AITS FLASH BACK-02 (Q.NO-48) | 08.09.2024 |
| Q.45 | MIN TEST-10 (Q.NO-50) | 29.12.2024 |
| Q.48 | DPP-25 (Q.NO-83) | 21.04.2025 |
| Q.51 | AITS MIN TEST-06 (Q.NO-80) | 06.10.2024 |
| | AITS MAJOR TEST-06 (Q.NO-20) | 23.03.2025 |
| Q.53 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-38) | 23.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-180) | 09.03.2025 |
| | AITS MIN TEST-04 (Q.NO-79) | 25.08.2024 |
| Q.57 | DPP-03 (Q.NO-90) | 28.02.2025 |
| Q.61 | DPP-06 (Q.NO-83) | 06.03.2025 |
| Q.64* | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-93) | 07.11.2024 |
| | SPOT TEST-05 (Q.NO-174) | 19.02.2025 |
| | DPP-02 (Q.NO-156) | 25.02.2025 |
| | DPP-03 (Q.NO-87)* | 28.02.2025 |
| Q.67 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-36) | 13.04.2025 |
| Q.69* | DPP-10 (Q.NO-70)* | 17.03.2025 |
| | DPP-20 (Q.NO-71) | 11.04.2025 |
| Q.72 | AITS F.B.-02 (Q.NO-54) | 08.09.2024 |
| | DPP-16 (Q.NO-66) | 28.03.2025 |

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.75 | AITS MIN TEST-05 (Q.NO-75) | 22.09.2024 |
| Q.79 | AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-150) | 03.03.2025 |
| | SPOT TEST-04 (Q.NO-62) | 09.03.2025 |
| Q.99 | AITS MAJOR TEST-11 (Q.NO-67) | 27.04.2025 |
| | DPP-19 (Q.NO-150) | 10.04.2025 |
| Q.103 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-170) | 15.12.2024 |
| Q.105 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-189) | 15.12.2024 |
| | DPP-21 (Q.NO-144) | 14.04.2025 |
| Q.106 | DPP-03 (Q.NO-163) | 28.02.2025 |
| Q.116 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-102) | 23.02.2025 |
| Q.117 | AITS F.B.-02 (Q.NO-108) | 08.09.2024 |
| Q.122* | AITS MIN TEST-05 (Q.NO.137)* | 22.09.2024 |
| | DPP-18 (Q.NO-137) | 07.04.2025 |
| Q.144 | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-146) | 17.11.2024 |
| Q.150 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-158) | 16.02.2025 |
| Q.152 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-168) | 16.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-118) | 16.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-05 (Q.NO-07) | 16.02.2025 |
| Q.155* | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-166)* | 23.02.2025 |
| | AITS MAJOR TEST-03 (Q.NO-31)* | 02.03.2025 |
| | DPP-18 (Q.NO-124) | 07.04.2025 |
| Q.156 | AITS MINORTEST-02 (Q.NO-132) | 09.02.2025 |
| Q.163 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-124) | 23.02.2025 |
| | SPOT TEST-05 (Q.NO-54) | 19.02.2025 |
| Q.166 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-188) | 30.06.2024 |
| Q.169 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-194) | 14.07.2024 |
| Q.175 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-169) | 14.07.2024 |
| Q.180 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-114) | 23.02.2025 |
| | SPOT TEST-13 (Q.NO-79) | 16.04.2025 |
| | DPP-25 (Q.NO-94) | 21.04.2025 |

NEET-2025

Question Paper With Answer Key

TYPE : https://bit.ly/4lW8feR

DIRECT ADMISSION

Goal Bhilai & Bilaspur Centre with Scholarship in Chhattisgarh

- For CBSE Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For State Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For Army Family's Child 50%
- For JNV Students 50%
- For 2nd & 3rd Dropper Students 40%
- For All Dropper Students 25%

ADMISSION OPEN - 2025-26

DROPPER BATCH

For NEET / JEE- Classes Starts on

23rd, 30th May & 06th, 13th, 20th, 27th, June 2025

FOUNDATION BATCH

For 11th & 12th - Classes Starts on

23rd May & 02nd June 2025

BHILAI: 166, NEW CIVIC CENTRE PH- 0788-4013502 Mob: 74158-84100 98269-43595

RAIPUR: BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711 Mob: 77720-60999

BILASPUR: 2ND FLOOR, AMBE TRADE CENTRE, CMD, LINK ROAD, PH- 07752-320345 Mob: 99264-54100

GOAL BRANCHES : DELHI | PATNA | RANCH | DHANBAD www.goalinstitute.org goal institute_bhilai goalinstitutebhilai

# आंगनबाड़ी में कमीशन के लिए करोड़ों रूपए की घटिया सामग्री की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत आने वाले डेढ हजार से अधिक केन्द्रों में घटिया सामग्री के वितरण का खुलासा होने के बाद हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई है। इस मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाडे ने कलेक्टर अभिजीत सिंह को जांच के आदेश दिए है। जिले में करीब आठ परियोजना अधिकारियों द्वारा कमीशन के लिए इस तरह के भ्रष्टाचार को अंजाम दिया हैं।

जानकारी अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई एक और दो, अहिवारा, धमधा, पाटन और कुम्हारी में सामग्री अनाज कोठी, फर्नीचर, बर्तन, सैनिटरी पैड, वज़न मापने की मशीन समेत करोडों रूपए की लागत वाले प्रोडक्ट की सप्लाई की गई है। आंगनबाडी केन्द्रों में जब सामग्री पहुंची तो सहायिका और कार्यकर्ताओं ने घटिया स्तर के सामग्री को लेकर जमकर नाराजगी भी जताई है, जिससे उच्च स्तर से शिकायत के बाद मंत्री ने जांच के आदेश दिए है।

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित किए सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। इस गडबडी की जांच के लिए रायपुर से लेकर जिला स्तर पर भी कलेक्टर को टीम गठित कर जांच रिपोर्ट मांगे गए हैं। मंत्री ने साफ शब्दों में कह दिया है कि, रिपोर्ट सामने आने के बाद दोषी अधिकारियों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाएगी।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री ने दिया जांच का आदेश, दुर्ग में मचा हडकंप

### उपयोग के पहले मटेरियल की गुणवत्ता फेल

दुर्ग के परियोजना कार्यालय में सप्लाई के बाद इसे सीधे आंगनबाडी केन्द्रों में भेज दिया गया। केन्द्रों में सामान पहुंचते ही घटिया स्तर के मटेरियल की पोल खुल गई। फर्नीचर, बर्तन भी घटिया स्तर के मिले है, वहीं हार्पिक की गुणवत्ता की खराब पाए जाने के बाद निचले स्तर से भी लगातार शिकायत मिलने से जिला अधिकारियों के का खडे हो गए हैं। आरोप है कि, सामानों की गुणवत्ता ठीक नहीं है। पता चला है कि, इस मामले में राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष जांच टीम गठित कर दी है। मंत्री ने विभाग के सचिव को 7 मई को जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं।




### अधिकारी ने कहा दो दिन में रिपोर्ट मिल जाएगी

जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जामुलकर ने इस बात को स्वीकार किया है, उन्होंने बताया कि, केन्द्रों में घटिया स्तर के सामग्री की सप्लाई किए जाने की बात सामने आई है। उन्होंने बताया कि, दो परियोजना केन्द्रों से जांच रिपोर्ट आनी बाकी है। उनके अनुसार सामग्री की सप्लाई जिले के परियोजनाओं से की गई हैं। उन्होंने कहा जांच टीम गठित कर दिए गए है। रिपोर्ट आने के बाद कलेक्टर को सौंपी जाएगी।

### कलेक्टर ने लगाई जमकर फटकार

प्रदेश सहित दुर्ग जिले में भी घटिया सामग्री भेजे जाने की शिकायत के बाद कलेक्टर ने जांच के आदेश दे दिए है। जिले के आठ परियोजना के 1505 केन्द्रों में सामग्रियों का सत्यापन किया जाएगा। ऐसी जानकारी मिली है कि, इस गडबडी की जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर अभिजित सिंह ने जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जामुलकर को जमकर फटकार भी लगाई है। उनके सामने बगैर सहमति के सामग्री सप्लाई को लेकर सवाल खडा कर दिया गया है। प्रदेशभर में जहां चालीस करोड की लागत से सप्लाई किया गया है, वही दुर्ग में भी एक से डेढ करोड की राशि की सप्लाई किए जाने की जानकारी सामने आई है। इसमें सामग्री वजन मशीन, पैकेजिंग मशीनों की प्रयोगशालाओं में टेस्ट कराए जाने की भी तैयारी है।

## खबर संक्षेप



### नाली में डिस्पोजल देख भड़की मेयर

**दुर्ग।** कसारीडीह गुरुघासीदास वार्ड 44 में नाली साफ-सफाई को लेकर मेयर अलका बाघमार ने अमला के संग निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होने कसारीडीह से लगी हुई गुरुघासी दास वार्ड बस्तियों के गलियों व सड़कों में पैदल भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। वार्ड 44 क्षेत्र के कसारीडीह चौक में अगल-बगल कुछ दुकानदारों द्वारा नालियों पर अवैध अतिक्रमण कर रखा गया है, जिसके कारण नाली सफाई नहीं हो पा रही है। जिसे हटाने के निर्देश दिए। कसारीडीह गुरुघासीदास वार्ड के नाली में डिस्पोजल देखकर सुपरवाइजर पर भड़की कहा कहीं भी नालियों में दोबारा डिस्पोजल नजर नहीं आना चाहिए। अवैध रूप से निगम की जमीन पर बिल्डिंग मटैरियल रख कर मकान निर्माण करने वाले सहित बिल्डिंग मटेरियल व्यापार करने वाले व्यापारियों का गुमस्ता एवं ट्रेड लाईसेंस निरस्त कर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### नि:शुल्क प्रशिक्षण आज

**दुर्ग।** केन्द्रीय सहकारी बैंक दुर्ग के सभागार में 20 मई को दोपहर 1 बजे भारतीय श्रम सहकारी समिति नई दिल्ली के तत्वाधान में युवाओं के लिए नि:शुल्क शिक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में किसी भी ट्रेड में ग्रेजुएट एवं इंजीनियरिंग उत्तीर्ण या अंतिम परीक्षा में भाग ले रहे छात्र भाग ले सकते है। प्रशिक्षित युवाओं को नई दिल्ली के विशेषज्ञ ऑनलाइन प्रशिक्षण देंगे एवं एम.एस.एम.ई. से संबंद्ध उद्योगों को जेडईडी का निशुल्क प्रमाण पत्र दे सकेंगे।

## समस्या : जलस्तर गिरने से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट से मचा हाहाकार



# बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण, टैंकर के सामने कतारें

आलोक तिवारी/राहुल शर्मा ⏭ दुर्ग

ग्रीष्म ऋतु की तपिश के साथ ही दुर्ग जिले में जल संकट गहराता जा रहा हैं। जलाशयों से पानी छोडा गया, जिससे नहर व नाली वाले इलाको में निस्तारी की समस्या से कुछ राहत जरूर मिली हैं, लेकिन जिले के मैदानी इलाको में गंभीर जल संकट का सामना ग्रामीण कर रहे हैं। जिले के धमधा व अहिवारा ब्लाक में जलस्तर सात सौ फीट तक डाउन होने से स्थिति यह है कि, तालाब पूरी तरह से सूख चुके है और निस्तारी की समस्या से आम ग्रामीण परेशान है। हरिभूमि ने संकट वाले गांव में ग्रामीणों से चर्चा कर परेशानी पूछा।

पीने के लिए पानी टैंकरों से ग्राम पंचायतों द्वारा सप्लाई की जा रही है। गंभीर जल संकट को ध्यान में रखकर जनप्रतिनिधि केवल पत्राचार कर अपनी कर्तव्यों की इतिश्री कर ले रहे हैं। जल संकट का कोई स्थाई हल निकलता नही दिख रहा हैं। शिवनाथ और खारून नदी के किनारे बसे होने के बावजूद गांव में जल संकट की स्थिति चिंताजनक है। साजा विधायक ईश्वर साहू ने पिछले दिनों बकायदा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपने क्षेत्र के गांवों में पेयजल व्यवस्था के लिए डीएमएफ से टैंकर मांगा था। उन्होने कलेक्टर को कहा कि, ग्राम बिरझापुर, साल्हेखुर्द एवं बीरेभाट में डीएमएफ मद से टैंकर की व्यवस्था कराई जाए, ताकि ग्राम पंचायतों द्वारा उक्त टैंकर के माध्यम से पानी की व्यवस्था कराई जा सके। लेकिन सुनवाई नही हुई।

## धमधा ब्लॉक में ड्राई की स्थिति, गांवों के तालाब भी सूखने लगे, निस्तारी की समस्या








### टैंकरों के जरिए गांव में जल पहुंच रहा

दुर्ग जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी का कहना है कि, पिछले कुछ सालों से उनके क्षेत्र में पेयजल संकट लगातार बढ़ रहा इस साल पहली बार उनके क्षेत्र के ग्राम बोरोगारका में पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाने टैंकर से ग्रामीणों को पानी आपूर्ति करना पड़ रहा है। तालाब सूख जाने से भूजल से काफी नीचे चला गया है। नतीजन हैण्डपंपों से पानी आना बंद हो रहा है। पाउवारा में भी टैंकर से पानी सप्लाई करना पड़ रहा, वहीं ग्राम जंजगिरी में भी पेयजल संकट के मद्देनजर टैंकर की मांग आ रही है। जनपद सदस्य जितेन्द्र टण्डन का कहना है कि, उनके क्षेत्र के ग्राम धनोरा में अनेक हैण्डपंप भूजल स्तर नीचे चले जाने से बंद हो गए है। ग्राम के कालोनी में पहली बार टैंकर से पानी सप्लाई करना पड़ रहा है।

### किसान नहीं कर पा रहे सिंचाई

ग्राम बोड़ेगांव निवासी कृषक रविप्रकाश ताम्रकार ने कहा उनके खेत में स्थित 3 में से 2 बोर सूख गए नतीजन खेत में लगे रबी फसल में पानी सिंचाई नहीं हो पा रही है। इससे 10 एकड़ में लगी मक्के की फसल सूखने के कगार पर है। उनका कहना है कि, जलाशयों से जल्द पानी छोड़कर सभी निस्तारी तालाबों में पानी भरा जाए। इससे बोर भी रिचार्ज होंगे, छग प्रगतिशील किसान संगठन के महासचिव झबेन्द्र भूषण वैष्णव का कहना है कि, किसानो के खेतों में लगे बोर में पिछले साल फरवरी मार्च में जो जल स्तर था, उसके तुलना में इस बार लेवल आधा ही है, जिसकी वजह से बोर में पर्याप्त पानी नहीं आ रहा है।

### तालाब भी सूख गए, निस्तारी का संकट

दुर्ग जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी के गांव नवा तरिया फरवरी माह से



ही पूरी तरह सूख गया, वहीं शीतला तालाब का जलस्तर काफी कम हो जाने से यहां का निस्तारी योग्य नहीं रह गया है। उन्होंने बताया कि, उनके गांव के चार निस्तारी तालाबों में गर्मी के समय पानी भरा जाता है। इन सभी का जलस्तर कम हो गया, जिससे हैण्डपंपों में पानी नहीं आ रहा है। निस्तारी तालाबों को भरने से गर्मी के समय में हैण्डपंपों का जलस्तर भी बना रहता है। वर्तमान में बोर के जरिए टैंकर से सप्लाई हो रहा है, किसान का कहना है ज्यादा लेबल डाउन हुआ तो वे भी पानी नहीं दे पाएंगे।

### आसपास के गांव की भी यही हालात

जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर ने बताया कि उनके जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम पचपेड़ी में बहुत ज्यादा जल संकट है। उन्होंने कहा तालाबों का जलस्तर कम होने से भूजल स्तर काफी नीचे चला गया ग्राम, तर्रा, लोहरसी, जामगांव सहित अनेक ग्रामों में इसकी वजह से हैण्डपंपों से पर्याप्त पानी नहीं आ रहा है। पूर्व में जिला पंचायत अध्यक्ष बनते ही सरस्वती बंजारे ने कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा था, ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त जलसंकट की भीषण समस्या से लोगों को निजात दिलाने तालाबों को करने शीघ्र ही जलाशयों से नहर में पानी छोड़ने कहा था, उन्होंने बताया भूजल स्तर नीचे चला गया है, जिससे तालाब, कुंआ और नलकूप सूखते जा रहे हैं।

### आमटी गांव में सूख गए हैंडपंप

ग्राम पंचायत आमटी के आश्रित ग्राम मासाभाट में भी ग्रामीण जन जल संकट से जूझ रहे हैं, 700 आबादी वाले इस गांव में चार सरकारी बोर है। वाटर लेबल डाउन होने पानी कम निकलता है। जल जीवन मिशन भी अधूरा होने से बहुत परेशानी है, ग्राम के यीशु साहू, संतोष यादव ने कहा पानी की कमी है, कई बार जनप्रति निधियों से पेयजल व्यवस्था करने मांग कर चुके है। दुर्ग विकासखण्ड निकुम में 48 हैंडपंप हैं, जो की तकरीबन 27 हैंडपंप चल रहे, वही लगभग दस बोर से पानी भर रहे। पूर्व सरपंच ने यहां पाइप लाइन के लिए 20 लाख का प्रस्ताव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के विभाग को पत्र भेजा, लेकिन स्वीकृति नही मिली है। सरपंच ने बताया कि पूर्व में बिछाया गया पाइप लाइन बेहद क्षतिग्रस्त हो गया है।

## पूर्व सरपंच के कब्जे में टैंकर, की गई शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ग्राम पंचायत कोड़िया के 15वीं वित्तीय की राशि से पूर्व सरपंच झुमुक लाल साहू द्वारा पानी टैन्कर खरीदा गया था। वर्तमान में सरपंच जानकी साहू है। लेकिन इस टैंकर का उपयोग पूर्व सरपंच कर रहे है। यहां तक कि किराया भी वे वसूल रहे है। ग्रामीणों का टैंकरों का लाभ नही मिल पाने की शिकायत सरपंच जानकारी साहू ने कलेक्टर से की हैं।

■ कोड़िया के 15वीं वित्तीय की राशि से खरीदे थे टैंकर

सरपंच जानकी साहू ने बताया कि, 15वे वित्त से टैन्कर की खरीदी का भुगतान डीएससी के माध्यम से राशी 1 लाख 75 हजार रूपए अरुण एग्रीकल्चर के नाम पर 29 अक्टुबर 2023 को किया गया है। परन्तु ग्राम पंचायत कोड़िया के नवनिर्वाचित सरपंच जानकी साहू को कार्यभार के नाम पर पूर्व सरपंच झुमुक लाल साहू द्वारा केवल ग्राम पंचायत कोडिया के बैंक खातों में शेष राशि की जानकारी दी गई और किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नही दिया गया। नवनिर्वाचित सरपंच जानकी साहू द्वारा पंचायत सचिव यामिनी कश्यप से पंचायत की सभी प्रकार की संपत्ति की जानकारी मांगे जाने पर पंचायत सचिव द्वारा लिखित में जानकारी दिया गया, उसमें पानी टैन्कर का कही कोई भी उल्लेख नहीं है।

### किराया भी गटक रहे पूर्व सरपंच

सरपंच जानकी साहू ने बताया कि गाँव में ग्रामीणों को किसी प्रकार के काम पड़ने पर पूर्व सरपंच झुमुक लाल साहू द्वारा पानी टैन्कर का 1000 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराया भी लिया जा रहा है, जो कि किराए का हकदार ग्राम पंचायत कोड़िया हैं। पानी टैन्कर की खरीदी तिथि 29 अक्टूबर 2023 से 19 मई 2025 तक कुल 559 दिनों तक झुमुक लाल साहू द्वारा निजी कार्य व किराया में उपयोग किया जा रहा है। उन्होने मांग की है, जिसमें कहा है ग्राम पंचायत कोडिया पानी टैन्कर को ग्राम पंचायत कोडिया को दिया जाए। प्रतिदिन एक हजार के हिसाब से 559 दिनों का 559000 रुपए पंचायत के खाते में दिलाया जाए। सरपंच ने पूर्व सरपंच झुमुक लाल साहू के खिलाफ सक्त से सक्त कार्यवाही किया जाए और पंचायत सचिव यामिनी कश्यप को तत्काल सचिव पद से बर्खाश्त किए जाने की मांग की है।

# सोसायटियों में ताला, भटकते रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अधीन सोसायटियां सोमवार को बंद रही। सोसायटी कर्मचारी अपने विभिन्न मांगों को लेकर राजधानी हडताल पर चेले गए थे। इस एकदिवसीय प्रदर्शन के चलते जिलेभर के सोसायटियों में ताला लगा रहा, वही किसान खाद व बीज के लिए भटकते रहे।

धान खरीदी के शुरूआती दौर में सोसायटी कर्मचारियों ने हडताल किया था। करीब ग्यारह दिनों तक चले आंदोलन के बीच सहमति बनने पर कर्मचारी लौट गए थे। लेकिन वर्तमान में धान का उठाव नही होने से सूखत का ठीकर सोसायटी प्रबंधकों पर मढने से वे आक्रोशित हो गए है। उन्होने ऐसे प्रकरण में किए गए एफआईआर को शून्य कराने की मांग की है। वहीं मप्र की तरह कर्मचारियों को वेतनमान व ग्रेज्युटी, महंगाई भत्ता, पेंशन, भविष्य निधि, समितियों को तीन-तीन लाख रूपए हर वर्ष अनुदान की मांग की है। वहीं सेवा नियम 2018 की संसोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने व पचास प्रतिशत प्रबंधक कैडर की भर्ती और वर्ष 2023-24 और 2024-25 में सूखत को मान्य किए जाने की मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री, सहकारिता

# फिर से कब्जा करने पर कूलर, चेयर और त्रिपाल को भी किया जब्त

**दुर्ग।** इंदिरा मार्केट में सडक किनारे कपडा दुकान लगाने वाले व्यापारियों पर एक बार फिर से निगम प्रशासन द्वारा कार्यवाही की गई। पटेल चौक से लेकर इंदिरा मार्केट तक दुकान लगाने वाले कपडा व्यापारियों पर सक्ती की गई। इस दौरान अमले ने कूलर, चेयर और त्रिपाल तक जब्त कर लिया। जिससे व्यापारियों में हडकंप की स्थिति निर्मित रही। बाजार व अतिक्रमण विभाग टीम ने मेयर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर बाजार क्षेत्र



पटवा लाइन, कपड़ा लाइन, पांच कंदील, कुनवा चौक में अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार भी जारी रहा। इस दौरान अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में कार्रवाही शुरू किया गया। कार्रवाही के मौके पर उन्होंने दुकानदारों को दुकानों के सामने अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। पटवा लाइन व पांच कंडील बाजार

# बस स्टैंड में पार्किंग की जगह पर अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बस स्टैंड में पार्किंग वाली जगह पर खतरे वाली जगह जहां पर ट्रांसफार्मर तथा जनरेटर एक साथ लगे हैं। वहां पर ठेले वालों ने मंदिर का निर्माण कर अपनी दुकानदारी शुरू कर दी है। इस अवैध कब्जे से आम आदमी के जान माल को नुकसान का खतरा पैदा हो गया है। बता दें कि पूरे शहर में अवैध कब्जा हटाए जाने को लेकर अभियान चल रहा है। महापौर अल्का बाघमार स्वयं फील्ड पर उतरकर कब्जा हटाने में जुटी हुई हैं। बावजूद इसके स्थल पर कब्जा है, जिसकी तरफ अब तक ध्यान नहीं दिया गया है।

■ मंदिर निर्माण कर शुरु कर दी दुकानदारी

लोगों ने बताया कि ट्रांसफार्मर तथा जनरेटर के पास



बैठकर आम लोगों को सिगरेट तथा चाय पिलाया जा रहा है, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। नगर निगम द्वारा बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद दुकानदार द्वारा हटधर्मिता करते हुए व्यावसायिक सिलेंडर की जगह घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते हुए अपना व्यवसाय किया जा रहा है।

## शिकायत के बाद आयुक्त की बड़ी कार्रवाई

# उपादान राशि जारी करने में मनमानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

उपादान राशि के प्रभारी सहायक ग्रेड तीन भूपेन्द्र गोईर को आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने हटा दिया है। उन्हें उपादान के आलावा सीपीएफ, जीपीएफ के दायित्वों से भी हटा दिया गया हे। माना जा रहा है कि, उपादान की राशि जारी करने में मनमानी की शिकायत के बाद आयुक्त द्वारा बडी कार्यवाही की गई है।

■ हटाए गए उपादान के प्रभारी भूपेंद्र गोईर

उल्लेखनीय है कि, नगरनिगम द्वारा पिछले लंबे समय से परेशान




हितग्राहियों को अब जाकर राहत दी है। पिछले दिनों आठ करोड रूपए उपादान की राशि जारी किए जाने की घोषणा की गई थी। जिसकी तैयारी भी चल रही थी। इस बीच उपादान के हितग्राहियों ने आयुक्त से लिखित शिकायत कर किस्तों में राशि जारी किए जाने की शिकायत की थी। महापौर अलका बाघमार की

### हटाए गए

सहायक ग्रेड तीन भूपेन्द्र गोईर को उपादान सहित अन्य प्रभार से हटा दिया गया है। कार्य लोड अधिक होने के चलते कार्यवाही की गई है।

**-सुमीत अग्रवाल,** आयुक्त नगरनिगम दुर्ग

परिषद ने नगर निगम दुर्ग की 300 के करीब सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को उनके उपादान की राशि देने की घोषणा की थी।

निगम के सेवानिवृत कर्मचारियों सुखदेव, अनिल मनहरे, जगदीश सूर्या, रोहिणी बाई , देवकी बाई, प्रीति कटझोरी, बुधराम मेश्राम, शहनाज बेगम, पुरुषोत्तम अहीर, कुमारीबाई चंद्राकर, निर्मला बी, कचराबाई सोनी सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने कहा है कि उन्हें उनकी उपादान की राशि किश्तों में नहीं एकमुश्त राशि चाहिए। एकमुश्त राशि नहीं दिए जाने और बिना ब्याज के उपादान राशि भुगतान किये जाने पर हम सभी कर्मचारियों को आपत्ति है। कर्मचारियों ने कहा कि हमारे उपादान की राशि को निगम ने 5, 10,15 वर्ष रोक कर पहले ही हमे नुकसान पहुंचा दिया है। कर्मचारियों ने बताया कि, उन्हें पता चला है कि, उपादान की राशि किश्तों में दिया जाएगा। यह भी बताया जा रहा है कि जो पैसा देगा उसका पूरा पैसा निकलेंगे।

### आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सुचित किया जाता है कि विक्रेता रमेश पिता इतवारी उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम मुर्रा, तह. अहिवारा, जिला दुर्ग छ.ग. से उनके स्वत्व एवं धारण की कृषि भुमि स्वामी हक की कृषि भूमि स्थित है जो मौजा सुरजीडीह, प.ह.नं. 19/50, रा.नि.मं. मुरमुंदा, तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग, छ.ग. जिसका ऋण पुस्तिका क्र. पी-2094395, खसरा क्र. 45-(0.62), 54-(0.50), कुल रकबा 1.12 हे. है। जिसको क्रय करने का पक्का सौदा कर बियाने की राशि दे दी है जिसकी पंजियन की कार्यवाही अतिशीघ्र होनी है। अतः उपरोक्त संपत्ति एवं सौदा के बाबत किसी व्यक्ति, वारिसान सीमावर्ती भुमिस्वामी बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय अर्ध शासकीय विभाग कार्यालय नगर पंचायत अथवा किसी अन्य को आपत्ति या दावा हो तो वह इस प्रकाशन के 07 दिनो के अन्दर अपनी आपत्तिमय दस्तावेजी साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकते है। समय पश्चात प्राप्त आपत्ति मेरे पक्षकार को मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति को हर प्रकार के कर्ज भारो वो विवादों से मुक्त मानकर अपने पक्ष में पंजियन करा लेवेगा।

अतः सूचना जाने।

स्थानः-कुम्हारी, दिनाकः-15/05/2025

भवदीय

ASHWANI KUMAR BHARTI
(ADVOCATE)
Batra Complex, Near SBI,
G.E.Road Kumhari, Durg (C.G.)
Mo. 6265107567



## खबर संक्षेप

### भारती बनी अध्यक्ष



**सेलूद।** ग्राम तर्रा निवासी भारती यदु एक बार फिर ठेठवार यादव समाज पाटन राज के अध्यक्ष नियुक्त हुई है। शनिवार को समाज के पाटन स्थित भवन में आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में यह नियुक्ति की गई। बता दे कि महिला प्रकोष्ठ के अन्य पदाधिकारी भी पूर्ववत ही रहेगा। इस नियुक्ति पर समाज के लोगो ने सभी नए पदाधिकारियों को बधाई दी हैं।

### डॉ. मिथिला शरण द्विवेदी नहीं रहे



**भिलाई।** गांधीवादी समाजसेवी, लेखक, पत्रकार एवं राजनीतिक कार्यकर्ता डॉ. मिथिला शरण द्विवेदी का निधन सोमवार को हो गया। वे 90 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नी सुशीलादेवी, पुत्र अशोक एवं अरुण, पुत्री अर्चना त्रिपाठी एवं आराधना तिवारी, मनीषा, जमाता रामकृषण त्रिवेदी एवं दुर्गेश तिवारी, अमित शुक्ला, पुत्रवधु शोभा एवं आभा और नाती पोतों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंत्येष्टि मंगलवार सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम में संपन्न होगी। डॉ द्विवेदी ने कोयला खदानों से लेकर चंबल की बीहड़ों तक में चिकित्सा सेवाएं दीं।

### बोरई स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरई का कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। विद्यालय की प्राचार्य जया चंद्राकर ने बताया कि दसवीं का परीक्षा परिणाम 80% रहा जिसमें राशि साहू पिता रोहित साहू ने 94.6 % अंक प्राप्त कर प्रथम, तारिणी निर्मलकर पिता अरुण निर्मलकर ने 92% प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा संजना पटेल पिता छन्नू पटेल ने 86.3 % अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 12वीं विज्ञान का परीक्षा परिणाम 100% रहा, 12वीं वाणिज्य का परीक्षा परिणाम 100 % तथा12वीं कला का परीक्षा परिणाम 90% रहा। जिसमें प्रज्ञा छत्रपाल पिता राजेश छत्रपाल ने 85.4 % अंक प्राप्त कर प्रथम, चंचल पिता रामनाथ ने 85.2% अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा चितेश्वरी पिता नारद यादव ने 85% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

## रुआबांधा बस्ती में सुशासन तिहार समाधान शिविर आयोजित

# सुशासन तिहार 'संवाद से समाधान तक' की भावना को करता है साकार: ललित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र रिसाली नगर निगम अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर रुआबांधा बस्ती में आयोजित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार 'सुशासन तिहार समाधान शिविर' के तृतीय चरण में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर नागरिकों से सीधा संवाद किया। वहीं लोगों की विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण किया। सभी विभागों को निर्देशित दिया कि वे शिविरों के माध्यम से लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें, जिससे शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंच सके। शिविर के दौरान लाभान्वित हितग्राहियों को राशन कार्ड तथा लर्नर लाइसेंस का वितरण भी किया। साथ ही गोद भराई रस्म के तहत गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार, किट व कुपोषित बच्चों को सुपोषण आहार किट वितरण किया गया। यह पहल शासन की 'संवाद से समाधान तक' की भावना को साकार करती है।

इस अवसर पर रिसाली मंडल अध्यक्ष एकनाथ अनुपम साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, नेताप्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, महामंत्री दशरथ साहू, पार्षद टीकम साहू, माया यादव, सीमा साहू, सारिका साहू, ममता यादव, शीला नारखड़े, सचिन गोस्वामी, केपी बघेल, शरद जैन, प्रेमचंद साहू, मोहन, आशपूरण चौधरी, संस्कृति वर्मा, वेदप्रकाश साहू, अंचल यादव, रुक्मिणी साहू, किरण साहू, राजेश्वरी पसीने, सरस्वती वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

**लाभान्वित हितग्राहियों को राशन कार्ड व लर्नर लाइसेंस का किया वितरण**



# डंगनिया-परसदा सड़क हुई जर्जर क्षेत्रवासियों ने की मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम डंगनिया से परसदा रेलवे फाटक तक लंबे समय से सड़क मरम्मत की मांग डलोग कर रहे हैं। डंगनिया से परसदा रेलवे फाटक तक पीडब्ल्यूडी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना काफी जर्जर हो गयी है। इससे आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बता दें कि यह सड़क प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बने थे। इसकी लंबाई 3 किमी है। मरम्मत के अभाव में सड़क पर बड़े-बड़े गढ्ढे ही गढ्ढे हो गये और गिट्टी निकल आये हैं। बाइक व चारपहिया वाहन चालक परेशान रहते हैं। यह सड़क एक ओर सिरसिदा के तरफ और दूसरे परसदा रेलवे फाटक के तरफ जाती है लेकिन, सड़क जर्जर होने के कारण परेशानी हो रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी मरम्मत की मांग की है। इस दौरान परसदा सरपंच सत्यवती साहू, क्षेत्र के निरंजन साहू, दिनेश्वर निर्मलकर, द्वारिका साहू, धनी राम साहू, सुमित, अजय, धीरज मंडावी, राकेश, जीवन, उदय, किशोर, ढानेश्वर, पप्पू सहित आदि लोगों ने शासन से सड़क डामरीकरण की मांग की है।

- मरम्मत के अभाव में सड़क पर बड़े-बड़े गढ्ढे ही गढ्ढे हो गये और गिट्टी निकल आये

### सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को होती है: भरत लाल



पूर्व जनपद सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति गुरेदा भरत लाल चन्द्राकर डंगनिया निवासी ने बताया कि डंगनिया से परसदा रेलवे फाटक तक के सड़क बहुत जर्जर हो चुका है, सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। जिसकी मरम्मत के लिए गुण्डरदेही ब्लाक क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद को कई बार आवेदन दे चुके हैं। विधानसभा के शून्यकाल में डंगनिया से परसदा रेलवे फाटक जो 3 किमी पीडब्ल्यूडी सड़क है, वर्तमान में काफी जर्जर हो गयी है। विधायक ने सड़क को पीडब्ल्यूडी से सड़क मरम्मत करवाने की भी मांग की है।

# अवैध शराब बिक्री से परेशान गाड़ाडीह के ग्रामीण पहुंचे समाधान शिविर



**पाटन।** पाटन ब्लॉक के ग्राम गाड़ाडीह के ग्रामीण सोमवार को ग्राम पंचायत पतोरा में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे। यहां पर पूर्व जनपद सदस्य खिलेश यादव ने ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में 9 पंचों सहित ग्राम के लगभग सैकड़ों ग्रामीणों का हस्ताक्षर भी है। इस ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि ग्राम पंचायत गाड़ाडीह के चौक पर प्रतिदिन खुलेआम देशी एवं विदेशी शराब अवैध रूप से बिकती है। जिस पर प्रशासन रोक नहीं लग पा रही है। इसी कारण ग्रामीणों ने मांग किया है कि ग्राम पंचायत गाड़ाडीह में देशी एवं विदेशी शराब दुकान खोला जाए। जिससे कि ग्राम पंचायत सहित शासन को भी राजस्व अर्जित हो सके।

अवैध शराब बिकने से गांव का माहौल अशांत रहने लगा है। जिसके कारण युवा वर्ग एवं महिला वर्ग का खासे प्रभावित है। शाम होते ही दुकानों के आसपास शराबी मंडराने लगते हैं। वहीं चौक पर ही आधा दर्जन से अधिक लोग अवैध शराब बेचते हैं। इस कारण शाम होते ही व्यापारियों का भी धंधा चौपट हो जाता है। गाली-गलौज होना आम बात है। दुकान के सामने गाली-गलौज होने के कारण ग्राहकी भी नहीं रहती इसलिए अब व्यापारी वर्ग भी अवैध शराब बिक्री से परेशान है। ज्ञापन सौंपकर मांग किया है कि गाड़ाडीह में देशी और विदेशी शराब शराब दुकान खोला जाए।

- ज्ञापन सौंपकर गांव में शराब दुकान खोलने की मांग की

## अंचल की खबरें

### कुम्हारी व्यापारी संघ के सदस्यों ने किया स्वागत




**कुम्हारी।** छग चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के प्रथम भिलाई प्रवास के दौरान कुम्हारी में प्रदेश महामंत्री अजय भसीन के मार्गदर्शन में कुम्हारी व्यापारी संघ के सदस्यों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इसके अतिरिक्त कुम्हारी नगरपालिका अध्यक्षा मीना वर्मा ने भी अध्यक्ष थौरानी का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर कुम्हारी व्यापारी संघ के ईश्वर बंसल, विशाल राठौर, अनुराग गुप्ता, अनुज शुक्ला, रवि जैन, सूरज वर्मा, अशोक राठी, महेश सोनी, भूपेंद्र जैन, विकास सोनी, विनोद साहू, महेंद्र वर्मा, सौरभ वर्मा, लक्ष्मीनारायण साहू, तृप्ति चंद्राकर, मिथिलेश यादव, उमेश साहू, पार्षद लोकेश साहू, पार्षद रितिका यादव, पार्षद उमेश्वरी साहू, पार्षद सुनीता मंडावी, साधना स्वर्णकार उपस्थित थे।

### आम्रपाली कॉलोनी में कार्यकारिणी समिति का गठन



**भिलाई।** आम्रपाली कॉलोनी में रविवार को क्लब हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कॉलोनी के सर्वांगीण विकास, सुव्यवस्थित संचालन एवं सामूहिक सहभागिता को ध्यान में रखते हुए नवगठित कार्यकारिणी समिति 2025 का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें कार्यकारिणी समिति अध्यक्ष के ज्योति नारायण, उपाध्यक्ष सरिता मिश्रा एवं परविंदर सिंह, महासचिव रवि सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष राजू भोजक, कोषाध्यक्ष दिलीप नामदेव, सह-कोषाध्यक्ष रणधीर कपूर, सहसचिव अखिलेश प्रताप सिंह, वहीं संरक्षक मंडल पीएस सिंह, राजा राव, राजू बघेल, महेन्द्र यादव, जीडी अग्रवाल, समीरक्षक आरएस पासी, प्रवक्ता नवल किशोर साहू, राजेश अग्रवाल, कानूनी सलाहकार रणजीत मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य रवि गोडवानी, रोहित केसरवानी, नरसिंह अग्रवाल, गुरमीत सिंह, पारस यादव, अवधेश कुमार, विजय जायसवाल सभी मनोनीत पदाधिकारी शीघ्र ही अपने-अपने पदभार ग्रहण करेंगे और कॉलोनी की सेवा में पूर्ण निष्ठा एवं सक्रियता के साथ योगदान देंगे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित



**धमधा।** जिला प्रशासन, समग्र शिक्षा परियोजना कार्यालय जिला दुर्ग के सहयोग से संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक में पोस्ट ऑफ द मंथ अप्रैल माह के ब्लॉक स्तर के विजेता शिक्षकों को प्रमाणपत्र एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। विनोबा ऐप शिक्षकों के लिए उपलब्ध कराया गया, यह एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। उत्कृष्ट गतिविधियों को क्रियान्वित करने वाले शिक्षकों को पोस्ट ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए चुना जाता है। पोस्ट ऑफ द मंथ के तहत उत्कृष्ट कार्य करनेवाले सेजस बोरी से संगीता शाह और मिडिल स्कूल पथरिया में से दुलारी ध्रुव को सम्मानित किया गया। साथ ही एफएलएन एंडलाइन आंकलन में ब्लॉक लेवल टॉप एक प्राथमिक शाला रौंदा को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बीईओ कैलाश साहू, एबीईओ बेनिराम वर्मा और बीआरसी महावीर वर्मा, विनोबा टीम से प्रोग्राम मैनेजर हेमंत साहू और प्रोजेक्ट ऑफिसर प्राची तुमसरे उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में 'नारी शक्ति स्वास्थ्य पहल' का शुभांरभ



**भिलाई।** राम नगर सुपेला, भिलाई स्थित स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा 'नारी शक्ति स्वास्थ्य पहल' की शुरुआत की है। मातृ दिवस के अवसर पर इस योजना का शुभारम्भ करते हुए अस्पताल के डायरेक्टर डॉ संजय गोयल ने बताया कि महिलाएं घर के कामों में इतनी व्यस्त रहती हैं कि उन्हें अपने स्वास्थ्य की चिंता ही नहीं रहती जिसके चलते कभी-कभी गंभीर बीमारियों को नजर अंदाज़ कर जाती है। परिणामस्वरूप भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी की स्थिति बनती है। इसलिए उन सभी महिलाओं के लिए प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की ओपीडी में निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श के साथ, सुझाई गई जांचों में 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह विशेष पहल मातृ दिवस 11 मई से स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 तक चलेगी, जिसका उद्देश्य महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। बता दें, भिलाई स्थित स्पर्श मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का कार्य तो पहले से ही कर रहा है। वहीं अब अस्पताल में महिलाओं की सेवा के लिए एक नई पहल की गई है। इस सेवा का लाभ लेकर महिलाएं अपने स्वास्थ्य को बेहतर कर सकती है। यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें गुणवत्तापूर्ण इलाज मुहैया कराने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इस योजना का लाभ पुराने और नए सभी तरह के मरीज प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही गंभीर मरीजों के लिए इमरजेंसी में फ्री एम्बुलेंस की सुविधा मुहैया कराई जा रही है।

### स्वदेशी शिल्प महोत्सव की प्रदर्शनी भिलाई-दुर्ग में अब 27 मई तक



**भिलाई।** स्वदेशी शिल्प महोत्सव की भव्य प्रदर्शनी को ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। सिविक सेंटर, कला मंदिर के सामने, भिलाई में संचालित प्रदर्शनी के संचालक द्वारा भिलाई दुर्ग वासियों के लिए इस प्रदर्शनी का आयोजन आपकी ट्विन सिटी नगरवासियों के लिए किया गया है ताकि भिलाई-दुर्गवासी इस मेले में खरीदी का लुत्फ ले सकें । आप इस प्रदर्शिनी में आकर यहां का लाभ लें, प्रदर्शनी के सभी स्टॉल्स में जाकर हस्तशिल्प एवं हथकरघा से बने सभी सामानों को बारीकी से जाने वहां से खरीदारी कर वहां के दुकानदारों से हस्तशिल्प व क्राफ्ट से बने सामानों का आनंद ले व खरीदी करें। संचालक सनवीर पाल ने चर्चा के दौरान बताया कि यहां ग्राहकों को बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। अब स्वदेशी शिल्प महोत्सव में अंतिम कुछ दिनों के रहने पर ग्राहकों को कई सामानों पर विशेष छूट 20 से 30% तक की रखी गई है। यह प्रदर्शनी अब 27 मई तक भिलाई शहर में है, यहाँ भारत के अलग-अलग राज्यों के अथेंटिक व ट्रेडिशनल सिल्क, कॉटन हेण्डलूम की विशाल रेंज ग्राहकों के लिए रखी गई है। संचालक ने बताया कि जहां कोलकाता की कोसा की सिल्क साड़ी और भागलपुर की सिल्क साड़ियां महिलाओं को लुभा रही है, वहीं युवतियों के लिए उत्तरप्रदेश की लखनवी चिकन तथा कॉटन सलवार की विशाल रेंज युवतियों को खूब लुभा रही है। इतना ही नहीं भिलाई-दुर्ग में आयोजित इस एक्जीबिशन में ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छे कलेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें कोलकाता की कोसा की सिल्क साड़ी, राजस्थानी मोजड़ी एवं कुर्ती, कश्मीरी पश्मीना शॉल व सिल्क साड़ी, कर्नाटक की पोचमपल्ली साड़ी, डिजाइनर लेदर जैकेट, महाराष्ट्र की फैंसी चप्पलें, उत्तर प्रदेश की लखनवी चिकन व ड्रेस मटेरियल एवं लखनवी साड़ियां, बनारसी सिल्क साड़ी, मुरादाबाद गिफ्ट आइटम, मेरठ खादी शर्ट, लेडिस कुर्ती, भदोही के सिल्क कारपेट, सहारनपुर के फर्निचर, गुजराती सिल्क साड़ी, मनमोहक पापड़ व स्वादिष्ट आचार, नागालैंड के ड्राई फ्लावर, भागलपुर की सिल्क साड़ियां, कलकत्ता के जूट बैग, जूट चप्पल एवं आकर्षक खुर्जा के क्रोक्रि सामानों की विशाल रेंज उपलब्ध है।

# लोधी समाज की बैठक में विभिन्न विषयों पर लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद




छत्तीसगढ़ लोधी समाज का प्रबंधकारणी सभा की बैठक में संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ लोधी समाज की बैठक लोधी भवन कांपा लोधी पारा में आयोजित हुआ जिसमें पाटन से लोधी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के अध्यक्षता में बैठक प्रारंभ हुई। पूर्व बैठक के कार्यवाही विवरण से उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया। बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारी पीला राम कौशिक, राष्ट्रीय प्रचार सचिव राजेंद्र जंघेल, संरक्षक किशोर वर्मा, संरक्षक फेरू राम वर्मा, कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी, अंकेक्षक विमल पटेल, प्रदेश संगठन मंत्री जीवन कौशिक, प्रदेश महिला अध्यक्ष दशमत जंघेल, जिला अध्यक्ष सुरेश सिगौर, युवा प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज छत्तीसगढ़, अधीन जंघेल, जिला अध्यक्ष उत्तम वर्मा, जिला अध्यक्ष बनाऊ वर्मा व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने बैठक को संबोधित की। वहीं महामंत्री घनश्याम कौशिक को महामंत्री के पद मुक्त करते हुए प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार सिंगौर को महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया। सदस्यों द्वारा ले गए विचार की जिला दुर्ग के भिलाई सर्कल में विगत संपन्न चुनाव से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समिति का गठन किया गया।

बैठक में समाज के अंकेक्षक विष्णु लोधी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लेखा जोखा से अवगत कराएं। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा द्वारा डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा रायपुर को प्रदेश का मुख्य सलाहकार मनोनीत किया गया। बैठक में युवा लोधी प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिंगौर, उपाध्यक्ष रामपाल कौशिक, मुंगेश्वर लोधी, सचिव चैन दास जंघेल, प्रचार सचिव रामचंद्र वर्मा, श्रवण कौशिक, भूपेंद्र चंदेल, संतोष कुमार राजपूत, रामराज लोधी, नंद कुमार जंघेल, कार्यकारणी सदस्य प्रहलाद वर्मा, देवराज सिंह लोधी, दिनेश चंदेल, संतोष राजपूत, युवा जिला अध्यक्ष मुचकुंद लोधी आदि उपस्थित थे।

### एसआरआई स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




**कुम्हारी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में एसआरआई स्कूल कुम्हारी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एसआरआई स्कूल और अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया है। साइंस संकाय में रुद्रांश गोल्हानी ने 95% अंकों के साथ टॉप स्थान प्राप्त किया। उनके साथ ऋषभ वर्मा ने 90.4%, हर्षवर्धन सिंह और पूरब वर्मा ने 90.2%, उत्कर्ष पटेल 90%, संयम कोचर 86.6%, ऋषि 86.6%, नीलाजकुमार बागडे 85.4%, मनीष चौधरी 85.2%, दीपांशु सिन्हा ने 84.6%, वैभव वर्मा ने 83.4% और आस्था चौरसिया ने 82.2% अंक अर्जित किए। वहीं ह्यूमैनिटीज संकाय में तनिषा साहू ने 91.2% के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, जबकि सुहानी घोष ने 80% और रविंदर मलिक ने 79% अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202505104400020 अ-74/वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक धनीराम साहू पिता जेठुराम साहू साकिन चिखली तहसील बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम नवागॉव प.ह.नं.-06 राजस्व निरीक्षक मण्डल बोरीबुजुर्ग तहसील बोरी स्थित भूमिस्वामी हक में दर्ज भूमि खसरा नंबर 1420, 1997/1, 2002/2, 2006/1 रकबा क्रमशः 0.41, 0.21, 0.15, 0.35 हे. धनीराम साहू पिता जेठुराम साहू के नाम पर राजस्व अभिलेख दर्ज हैं, का द्वितीय प्रति ऋण-पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं। जिस पर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः द्वितीय प्रति ऋण-पुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 26.05.2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तह.-बोरी जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग**

**- ईश्तहार :-**

(रा.प्र.क्र./202504101000191/अ-6.अ/वर्ष 2024-25)

इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 202504101000191/अ-6.(अ)/वर्ष 2024 25 आवेदक कमलजीत सिंह पिता मुखतार सिंह निवासी बाबादीप सिंह नगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1032/8 रकबा 0.010 हे. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। का आवासीय प्रयोजनार्थ पुनर्निर्धरण आदेश पारित किया गया है, जो वर्तमान में कृषि भूमि दर्ज है। जिसे ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में परिवर्तित भूमि दर्ज किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20/05/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/04/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

अतिरिक्त तहसीलदार
उप तहसील,
भिलाई नगर (छ.ग.)

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग, जिला दुर्ग**

रा.प्र.क्र./ ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नम्बर - 20250510040037/अ-2/2024-25

पक्षकार का नाम -कन्दास्वामी काशी विश्वनाथ

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका कन्दास्वामी काशी विश्वनाथ आ./पति पी.पी.एस. कन्दास्वामी निवासी प्रियदर्शनी सुपेला भिलाई द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

**"अनुसूची"**

ग्राम / प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है - ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46 तहसील व जिला दुर्ग, खसरा नम्बर - 1607/89, रकबा (क्षेत्रफल) -हेक्टेयर 0.0200, वगर्फीट 2400, प्रयोजन -आवासीय प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा!

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06 May, 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला दुर्ग

**NOTICE**

Notice Hereby given that I, TANUSHRI PATEL D/o. RAKESH KUMAR PATEL R/o.20- A Road- 5 Sector- 2, Ward No.- 39, Bhilai -1, Durg (C.G.) 49001. I am Apply Indian Citizenship Under Section 6 (1) of Citizenship Act 1955 at Collector Durg (C.G.) For Naturalization should not be granted should send a written signed statement of the fact to Collector Durg within 15 days from the date of Notice Published in News paper.

मैं भारत में स्थाई रूप से निवास करना चाहता/चाहती हूं नागरिकता अधिनियम 1955 का पालन करूंगा/करूंगी भारतीय नागरिकता मिलने के बाद भारत को अपना घर मानूंगा/मानूंगी

TANUSHRI PATEL

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग**

**- ईश्तहार :-**

(रा.प्र. क्र./202504101000190/अ-6.अ/वर्ष 2024-25)

इस न्यायालय का रा.प्र.क. 202504101000190/अ-6 (अ) वर्ष 2024 25 आवेदक रणजीत सिंह पिता मुखतार सिंह निवासी बाबादीप सिंह नगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.मं.-कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1032/10 रकबा 0.010 हे. / भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। का आवासीय प्रयोजनार्थ पुनर्निर्धरण आदेश पारित किया गया है, जो वर्तमान में कृषि भूमि दर्ज है। जिसे ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में परिवर्तित भूमि दर्ज किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20/05/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/04/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

अतिरिक्त तहसीलदार
उप तहसील,
भिलाई नगर (छ.ग.)

# मैत्रीबाग जू नन्हें पर्यटकों को सिखा रहा वन्य प्राणियों से प्रेम और सुरक्षा का सबक

## हर साल हजारों बच्चे जू एजुकेशन से ले रहे बेजुबां जानवरों व परिंदों के संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

प्रदेश का सबसे बड़ा चिड़ियाघर मैत्रीबाग जू अंचल का एक बड़ा और आकर्षक पर्यटन स्थल है। कई खूबसूरत और विलुप्तप्राय वन्य प्राणियों को अपने में समेटे यह भव्य चिड़ियाघर मनोरंजन के साथ नन्हे पर्यटकों को लिए जू एजुकेशन में भी अहम भूमिका निभा रहा है। हर साल सैकड़ों बच्चों को वन्य प्राणियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए जागरुक किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि 1972 में निर्मित मड़ौदा सेक्टर में स्थित भिलाई इस्पात संयंत्र का मैत्रीबाग जू मनोरंजन के साथ सोवियत रुस और भारत की मैत्री का भी प्रतीक है। लेकिन इस चिड़ियाघर की एक और खासियत यह है कि यहां बच्चों को जू एजुकेशन भी मिलता है। यहां तीन सौ से अधिक जानवर और पक्षी हैं। हर साल छत्तीसगढ़ और बाहर से आने वाले लाखों पर्यटकों में हजारों बच्चे भी शामिल होते हैं। इन बच्चों को यहां वन्य प्राणियों के दीदार के साथ प्रकृति से प्रेम यानी वन्य प्राणियों की रक्षा और संरक्षण के लिए भी जागरुक किया जाता है। मैत्रीबाग में सामान्य जानवरों के अलावा की विलुप्तप्राय वन्य प्राणी भी हैं,जिन्हें देखकर बच्चे इनके संरक्षण के लिए प्रेरित होते हैं। मैत्रीबाग प्रभारी महाप्रबंधक डां. एनके जैन बताता हैं कि मैत्रीबाग में दुर्लभ वाइट टाइगर सहित कई ऐसे वन्य प्राणी हैं जिन्हें संरक्षण की जरुरत है। हजारों बच्चे यहां जू एजुकेशन से लाभान्वित हो रहे हैं।



### उद्यानिकी व वन विभाग का वन्य प्राणी सप्ताह

मैत्रीबाग में वन्य प्राणियों का नजारा लेने के लिए पैरेंट्स के साथ रोज आने वाले लाखों बच्चों के अलावा प्रदेश के विभिन्न शहरों व गांवों से स्कूली बच्चों की पिकनिक टीमें भी आती हैं। इसके अलावा उद्यानिकी विभाग व वन विभाग द्वारा हर साल वन्य प्राणियों के प्रति प्रेम व जागरुकता के लिए वन्य प्राणी जागरुकता सप्ताह मनाया जाता है,जिसमें वन्य प्राणियों की सुरक्षा व प्रेम पर भाषण, निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता होती है। इसके अलावा पिछले पचास साल से यहां हर साल स्काउट गाइड रैली आयोजित होती,जिसमें हजारों बच्चे अनुशासन के साथ वन्य प्राणियों की रक्षा का सबक भी सीखते हैं।

## खबर संक्षेप

### संजय बने प्रभारी सहायक उद्यान अधिकारी



**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के स्टेनोटायपिस्ट संजय शर्मा को वर्तमान दायित्व के साथ अस्थाई रुप से प्रभारी सहायक उद्यान अधिकारी बनाया गया है। उन्हें यह जिम्मेदारी आयुक्त राजीव पांडेय द्वारा आगामी आदेश तक दी गई है।

### पेयजल के लिए बोर खनन



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के पदुम नगर स्थित वार्ड 19 में पेयजल व्यवस्था के लिए पार्षद मनीष वर्मा ने अपने मद से बोर खनन का कार्य कराया है। पार्षद ने वार्ड के लोगों की परेशानियों को देखते हुए बोर खनन कर पेयजल से लोगों को निजात दिलाने का प्रयास किया। इस दौरान बोर खनन के मौके पर गायत्री सिंह, रीता दुबे, सरला मिश्रा, ईश्वरी साहू , माधुरी बनर्जी, पायल ठाकुर, ममता साहू, खुशबू दुबे, नीतू मिश्रा, खुशबू देवांगन, सरिता साहू, प्रभा चतुर्वेदी, समरजीत सरकार आदि मौजूद थे।

### सेल निदेशक परियोजनाओं की प्रगति से हुए रुबरु



**भिलाई।** निदेशक (तकनीकी) तथा अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी (बीएसपी ) मनीष राज गुप्ता ने अपने दिवसीय भिलाई प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को बीएसपी के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया एवं संचालन से जुड़े विविध पहलुओं की समीक्षा की। उत्पादन, परियोजनाओं की प्रगति, तकनीकी-आर्थिक निष्पादन, मानव संसाधन विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) व सुरक्षा का अवलोकन किया। उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस-5, 6 और 8 और यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) में हो रहे कार्यों को देखा। उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस-8 में हॉट मेटल उत्पादन प्रक्रिया को देखा । कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार भी उपस्थित थे श्री गुप्ता ने अक्षय पात्र मिड-डे मील किचन के दौरे बाद जेएलएन अस्पताल में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएँ विभाग सामूहिक को संबोधित किया। ईडी डॉ. एम रविंद्रनाथ तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने बीएसपी की दल्ली राजहरा खदान समूह और रावघाट खदानों में चल रहे कार्यों का भी जायजा लिया। इसके बाद कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक ली।

### प्रगति भवन से निकली सायकल रैली



**भिलाई।** खेल मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित संडे ऑन साइकिल अभियान के तहत इस्पात नगरी में बीएसपी साइकिलिंग क्लब, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब ,साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ और ओए-बीएसपी के संयुक्त तत्वावधान में लगातार 10 वें सप्ताह साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने साइकिलिंग की। रैली को सुबह 7 बजे प्रगति भवन से पीके शर्मा, डायरेक्टर मां सारदा विद्यालय और अनिकेत चंद्रा, पूर्व महासचिव, ओए-राउरकेला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयोजनसाइकलिंग क्लब के अध्यक्ष तथा सेफी,चेयरमेन नरेंद्र कुमार बंछोर, साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष एवं ओए- बीएसपी के महासचिव परविन्दर सिंह के नेतृत्व में किया गया । सीजीएम अनुप कुमार दत्ता, सीजीएम अनूप दत्ता ने भी सहभागिता दी। इसमें दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन सदस्य प्रवीण यदु, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, साइकिल पोलो कोच विकास कुमार, एस वी नंदनवार, राजेन्द्र जोशी, विजय पांडेय एवं गौतम बालक-बालिकाओं ने भाग लिया।

## स्थाई उत्पादन की दिशा में बीएसपी की अहम पहल

# डीकार्बनाइजेशन की दिशा में कारगर होगी एसपी-3 में कोक ओवन गैस इंजेक्शन प्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 ने स्थिरता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए मशीन-1 के सिंटर बेड पर कोक ओवन गैस (सीओजी) इंजेक्शन प्रणाली का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया है। यह प्रणाली संयंत्र के इस हिस्से में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के उद्देश्य से विकसित की गई है। सेल के निदेशक और अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी बीएसपी मनीष राज गुप्ता द्वारा इस प्रणाली का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक प्रभारी अनूप कुमार दत्ता के मार्गदर्शन में प्रारंभ तथा महाप्रबंधक आरडी शर्मा के नेतृत्व में क्रियान्वित की गई। इंजीनियरिंग कार्य में मुख्य महाप्रबंधक संजीव वर्गीस की महती भूमिका रही।

### अत्याधुनिक है प्रणाली, सेल निदेशक गुप्ता ने किया उद्घाटन



### टीम वर्क्स से हुआ काम

सेल के निदेशक और अतिरिक्त प्रभारी निदेशक भिलाई इस्पात संयंत्र मनीष राज गुप्ता ने इस प्रणाली का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार सहित बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक प्रभारी अनूप कुमार दत्ता के मार्गदर्शन में प्रारंभ और महाप्रबंधक आरडी शर्मा के नेतृत्व में क्रियान्वित की गई । प्रणाली के इंजीनियरिंग कार्य में मुख्य महाप्रबंधक संजीव वर्गीस की महती भूमिका रही।

### डी कार्बनाइजेशन में अहम पहल

यह महत्वाकांक्षी परियोजना डी- कार्बानाइजेशन की दिशा में एक अग्रणी प्रयास है। कोक ओवन गैस, जो एक उच्च कैलोरी मान वाला उप-उत्पाद है, को सहायक ईंधन के रूप में उपयोग कर सिंटर उत्पादन में ऊर्जा दक्षता को बढ़ाना और कार्बन उत्सर्जन को कम करना इस पहल का मुख्य उद्देश्य रहा है। संपूर्ण परियोजना का निष्पादन संयंत्र की यांत्रिक, विद्युत एवं इंस्ट्रूमेंटेशन टीमों द्वारा संयंत्र के भीतर ही किया गया। इस कार्य में सीजीएम संजीव वर्गीज की भी भूमिका रही।

### गुणवत्ता में सुधार व फाइंस घटेगा

तकनीकी दृष्टि से, सिंटर बेड में सीओजी के इंजेक्शन से प्रति टन सिंटर उत्पादन में 2 किलोग्राम कोक की बचत संभव हो पाती है। इससे न केवल सिंटर की गुणवत्ता में सुधार होता है और रिटर्न फाइन्स की मात्रा घटती है, बल्कि सीओ-टू उत्सर्जन में भी वार्षिक अनुमानित 12,700 टन की कमी दर्ज की जा सकती है। ईंधन दक्षता में वृद्धि और लागत में भी बचत होती है। इससे संयंत्र की हरित इस्पात निर्माण की प्रतिबद्धता को बल मिलता है। सुरक्षित और कुशल संचालन के लिए परियोजना के अंतर्गत अत्याधुनिक सुरक्षा और निगरानी प्रणालियों की भी व्यवस्था की गई है। इनमें सीओ गैस डिटेक्टरों की स्थापना, संचालन क्षेत्र में रणनीतिक स्थानों पर निगरानी कैमरों की तैनाती तथा सीओजी इंजेक्शन नेटवर्क में फ्लो और प्रेशर के लिए रीयल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम शामिल हैं।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में सुधरेगी कैंटीन व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक के पदाधिकारियों की भिलाई इस्पात संयंत्र के ईडी राकेश कुमार के साथ हुई बैठक में प्लांट की समस्याओं के निदान की मांग की गई थी। यूनियन ने ब्लास्ट फर्नेस 1 से 7 के बीच सड़क पर डस्ट गिरे हुए होने, मशीन शाप 1 के छत से लीकेज होने, आरटीएस के पास स्थित कैंटीन को बंद जगह में चलाने, बोरिया गेट पर टू व्हीलर गैलरी के सामने शेड बनाने सहित ब्लास्ट फर्नेस, टीएंडडी, कोक ओवन एसएमएस 3 स्टोर्स विभाग के मुद्दों को उठाया था । इनके निदान के लिए ईडी ने दौरा कर अधिकारियों को निदान के लिए निर्देश दिए हैं। यूनियन ने कहा है कि समस्याओं के निदान हो जाने से कर्मियों को राहत मिलेगी।

■ इंटक की मांग पर ईडी ने दिए निर्देश

इंटक के महासचिव वीबी सिंह ने बताया कि घंटेभर बाद ही कार्यपालक निदेशक ने संबंधित विभागों का दौरा कर शॉप्स के मुख्य महाप्रबंधक एचके सचदेवा को लेकर मशीन शॉप 1 का दौरा कर छत लीकेज की समस्या व रेल मिलआरटीएस के सीजीएम टी दस्तीदार को साथ लेकर आरटीएस के पास लोको डिपो से लगे कैंटीन व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए व आरटीएस में सीनियरिटी लिस्ट की समस्या का जल्द समाधान करने को कहा । बीएफ 7 के निकट सड़क की सफाई के लिए पूरे डस्ट को हटाने का काम शुरू हो गया है । उन्होंने मुख्य महाप्रबंधकों को अन्य समस्याओं के जल्द निदान के भी निर्देश दिए हैं।

# आत्मकथा लेखन में ईमानदारी जरूरी



**भिलाई।** वरिष्ठ मलयालम कथाकार केजी चंद्रशेखर पिल्लई की कृति आत्मकथा "आकाश का एक टुकड़ा" का विमोचन कार्यक्रम प्रगति नगर फेस टू में संपन्न हुआ । श्री पिल्लई ने अपनी किताब पर विचार रखे । कार्यक्रम के अध्यक्ष साहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने कहा इस आत्मकथा में लेखक की परेशानियां और उनके जीवन-संघर्ष की बात है । केरल के प्रति प्रेम जागृत करती छत्तीसगढ़ को सामने लाती माता पिता के स्मरण में यह किताब पाठकों को बांध कर रखती है । कथाकार लोकबाबाबू ने कहा आत्मकथा लिखना दुस्साहस का काम है, इसमें ईमानदारी जरूरी है। साहित्यकार परदेशी राम वर्मा ने कहा लेखक प्रकृति प्रेमी है और परिवार के साथ आकाश, मछली, जीव जंतु से लेखक का अगाध प्रेम झलकता है । छग प्रगतिशील लेखक संघ के महासचिव परमेश्वर वैष्णव ने कहा कि लेखक पिल्लई ने आत्मकथा लेखन का जोखिम उठाया है जो सराहनीया है। डॉ. सुधीर शर्मा, सन्तोष झांझी, राम सेवक पैकरा, डॉ संजय दानी, ने भी किताब पर विचार व्यक्त किये। संचालन डॉ.नीलम गांधी ने किया। कार्यक्रम में वीपी गीता, केए नारायणा, पीपी कुरूप, डीबीडे, कुंजम्मा पप्पाचन, प्रनील गांधी आदि साहित्यकार उपस्थित थे।

■ कथाकार चंद्रशेखर की आत्मकथा का विमोचन

## ऑक्सीजन प्लांट-2 में मॉकड्रिल

# बीएसपी में ऑक्सीजन रिसाव व बचाव की तैयारी को परखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी के ऑक्सीजन प्लांट-2 स्थित तरल ऑक्सीजन टैंक-1 में संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ । यह मॉक ड्रिल एनडीआरएफ, सीआईएसएफ, एसडीआरएफ तथा बीएसपी के विभागों द्वारा आयोजित की गई। उद्देश्य क्रायोजेनिक पदार्थों से जुड़ी आपात स्थितियों में तैयारियों का परीक्षण करना था। मांकड्रिल में दिखाया गया कि यांत्रिक समूह के छह कर्मी तरल ऑक्सीजन टैंक-1 के सिलेंडर फिलिंग पंप में एसएस यूनियन से रिसाव की शिकायत पर ब्रेकडाउन अनुरक्षण कार्य में संलग्न थे। वाल्व बंद करने के दौरान फ्लैंज पैकिंग को क्षति पहुंचने से तरल ऑक्सीजन का रिसाव होने लगा। बिजली कर्मियों की सूचना पर सायरन बजते ही सीआईएसएफ की टीम पहुँची और क्षेत्र की घेराबंदी कर अनधिकृत प्रवेश को रोका एवं वाहन संचालन नियंत्रित किया। एसईडी, सिविल डिफेंस, पर्यावरण प्रबंधन, गैस सुरक्षा, एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ की टीमें भी पहुंचीं व फाल्ट को दुरुस्त किया गया।

### इनकी रही भागीदारी

ड्रिल का अवलोकन उपखण्ड दण्डाधिकारी हितेश पिस्दा, कार्यवाहक सीजीएम पीआर भल्ला, बीके बेहरा, अनिल कुमार जोशी, कमांडेंट अभिजीत कुमार, उप कमांडेंट (एनडीआरएफ) पवन जोशी व उप कमांडेंट नागेन्द्र कुमार सिंह ने किया। समीक्षा बैठक में बीके बेहरा, अनिल कुमार जोशी, अभिजीत कुमार, सीजीएम देबदत्त सतपथी, एच के सचदेव, जेपी आदि उपस्थित थे। जीएम एसआर शेंडे ने रूपरेखा प्रस्तुत की व पीएम राजेन्द्र कुमार ने आभार जताया।

### होटल में पानी बोतल 20 की जगह 40 में बेचा जा रहा

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी दुर्ग लोकसभा महासचिव, अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश तिवारी ने बताया कि होटल अमित इंटरनेशनल सुपेला में उपभोक्ताओं को शोषण किया जा रहा है। जो भारतीय उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत एमआरपी से अधिक कीमत वसूलना अपराध की श्रेणी मे आता है। शिकायत ग्राहक विकास टंडन ने की है। शिकायत में बताया है कि 17 मई 2025 को हॉटल अमित पार्क इंटरनैशनल सुपेला में उनके परिवार को एक्वाफिना 1 लीटर की बोतल खरीदा गया। जिसने प्रिंट रेट 20 लिखा था लेकिन उसे 40 रुपए में दी गई। होटल स्टाफ ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और सामान्य पानी देने से मना कर दिया । जनहित के विषय को देखते हुए उपभोक्ता विकास टंडन ने आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी है। उन्होंने दुर्ग लोकसभा महासचिव अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश तिवारी को जानकारी दी। इसे लेकर कलेक्टर को लिखिल शिकायत की गई है। होटल को जांच कर इनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस दौरान होटल संचालक सुभाष साव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के नियम कायदे से यहां काम किया जाता है। जो भी आरोप लगाया जा रहा गलत बेबुनियाद है।

# युवा मोर्चा ने सड़क, पानी, बिजली से जुड़ी समस्याओं का कराया ध्यानाकर्षण



**भिलाई।** सुशासन तिहार के अंतर्गत कैंप 1 वार्ड 30 में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बीजेपी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भी मांगपत्र सौंपा। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने भिलाई शहर की विभिन्न समस्याओं में ध्यान आकर्षण कराया गया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में वार्डो की छोटी से छोटी समस्यायों का निराकरण शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। सरकार ने डेढ़ साल में गांव-गांव में 18 लाख से अधिक आवास स्वीकृत किए हैं। अब तक 3 लाख से अधिक आवास और स्वीकृत हो चुके हैं। युवा मोर्चा ने सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, हॉस्पिटल, पट्टा, भूमि अधिकार , पोल लगाने, बारिश के पूर्व नाले नली की सफाई जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया। इस अवसर पर अमर सोनकर, पार्षद सत्यदेवी जायसवाल, जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, पार्षद शैलेजा, पार्षद प्रियंका भोला साहू, पार्षद लक्ष्मी दिवाकर, राजकुमार जायसवाल, भोला साहू, धर्मेंद्र दिवाकर, धनराजू, रमेश चौधरी, राहुल झा, जयंत शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## विधायक निवास पर हुआ कार्यक्रम, मुस्लिम समाज को किया आमंत्रित

# भाजपा भिलाई तीन मंडल में वक्फ संशोधन बिल पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई तीन स्थित विधायक निवास में वक्फ संशोधन बिल को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के मुस्लिम समाज के वरिष्ठ और सामाजिक कार्यकर्ताओं को आमंत्रित कर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का उद्देश्य वक्फ संशोधन विधेयक से जुड़े भ्रांतियों को दूर करना, समाज में भाईचारे को मजबूत करना,अल्पसंख्यक समाज को सरकार की मंशा से अवगत कराना रहा। इस दौरान अध्यक्षता अहिवारा विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने किया। वक्ता के रूप में प्रदेश भाजपा कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त संदीप शर्मा, भाजपा कार्यकरणीय सदस्य शिरीष अग्रवाल मौजूद थे। वक्ताओं ने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक की वास्तविक भावना को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह संशोधन समाज के भीतर व्याप्त भेदभाव, भ्रांतियों और मतभेदों को समाप्त करने के लिए किया गया है। यह विधेयक न केवल वक्फ संपत्तियों के पारदर्शी संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह अल्पसंख्यक समाज, विशेषकर आर्थिक रूप से पिछड़े मुस्लिम वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि समाज में व्याप्त अफवाहों और ग़लत धारणाओं को दूर करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि हिंदू-मुस्लिम समाज के बीच सौहार्द बना रहे और एकजुटता से राष्ट्र निर्माण में योगदान हो सके।



### ये भी मौजूद रहे

भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, भाजपा महामंत्री बिजेंद्र सिंह, प्रेमलाल साहू, भिलाई-3 मंडल अध्यक्ष वरुण यादव, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हामिद अहमद, मोर्चा जिला अध्यक्ष शमीम अहमद, मदरसा बोर्ड के सदस्य तौहीद खान,भिलाई-3 मस्जिद अध्यक्ष रुस्तम खान , रइस अहमद, जी एम हुसैन, हबीब खान, मकसूद खान, इमरान खान, काफिलुद्दीन, उमर अली, अबुल हसन, हामिद खान, वक्फ मंडल समिति सदस्य अनवर अली, बालमुकुंद वर्मा, आरिफ खान, मौलाना कौने नरजा, अयान शाह, अदीब शाह, टी रमना, फिरोज खान, हाजी निसार खान, हाजी लुकमान समेत बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री

04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025

चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)

राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 20 मई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


02


विदाई समारोह में विद्यार्थियों को समाजिक सेवा करने किया प्रोत्साहित

## लाइव इवेंट

## बीपी-शुगर के मरीजों की बढ़ती संख्या की वजह खान-पान



**भिलाई।** तर्पण मुक्तिधाम पर्यावरण सेवा संरक्षण परिषद और अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन वाईडीसी के संयुक्त तत्वावधान में आरोग्य वेदा संस्थान नेहरू नगर और होलीस्टिक स्पाइन केयर एक्सपर्ट डॉ. प्रेमलाल पटेल के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

- रावणभाठा सांस्कृतिक भवन जामुल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

शिविर का आयोजन रावण भाठा सांस्कृतिक भवन जामुल में किया गया। जहां ब्लड प्रेशर, शुगर, अनिद्रा सहित अन्य बीमारियों की जांच की गई, निशुल्क परामर्श दिया गया। नस और हड्डी रोग से संबंधित मरीजों का परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रेखराम बंछोर, जामुल मंडल के अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता, नूतन वर्मा, सुनीता चन्नेवार, सीमा यादव, योगिता साहू, लेखराम साहू सहित अन्य मौजूद थे। दिवंगत संतोष दास को इस दौरान श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सेवा करने वाले डॉ. पटेल और उनकी टीम को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रीढ़ की हड्डी की चोट, गर्दन, पीठ, कमर दर्द, नए पुराने फ्रैक्चर, सूजन, साइटिका, स्लीप डिस्क, फ्रोजन सोल्डर, घुटने-एड़ी का दर्द, लकवा, ऑपरेशन के बाद की समस्या, हाथ पैर मे झुंझुनी, नसों का चिपकना, वात रोग, अनिद्रा, मधुमेह, ब्लड प्रेशर इत्यादि रोगों का परीक्षण कर जरूरतमंद मरीजों को थैरेपी ट्रीटमेंट कर परामर्श दिया गया। शिविर में डॉ. सुखराम साहू, भानु प्रसाद साहू, मुरली साहू, हेमराम साहू, धर्मेंद्र वर्मा, ओमप्रकाश साहू, रजत मुखर्जी, कैलाश निर्मल, ओमप्रकाश जूनियर, संतोष चौरसिया, सुनील गायकवाड़, कुलेश्वर वर्मा मौजूद थे।




## सिटी इवेंट

## एमएलसी रिपोर्ट को लेकर सामने आने वाली दिक्कतों पर मंथन



**दुर्ग।** पुलिस विभाग के अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर्स के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एमएलसी को लेकर सामने आने वाले दिक्कतों और उनके निराकरण को लेकर चर्चा की गई। कार्यशाला कलेक्ट्रेट सभागार में हुई, जिसमें एसएसपी विजय अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, सीएस डॉ. हेमंत साहू प्रमुख रूप से उपस्थिति थे। इस दौरान आपराधिक प्रकरणों में एमएलसीकर्ता एवं उपचार करने वाले डॉक्टर का साक्ष्य की दृष्टि से महत्व, अभियोजन साक्ष्य के रूप में उनकी भूमिका, मेडिकोलीगल प्रकरण एवं पोस्टमार्टम से संबंधित प्रकरणों में पुलिस जांच, विवेचना में आने वाली व्यवहारिक समस्या एवं उनके निदान को लेकर जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि पीड़ित के उपचार से संबंधित मेडिकल रिपोर्ट संबंधी दस्तावेज एवं पीएम रिपोर्ट में अभियोजन साक्ष्य की दृष्टि से कई चीजें बेहद आवश्यक हैं। विवेचना के दौरान साक्ष्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण बिंदुओं के समावेश किए जाने से कानूनी प्रक्रिया में आसानी होती है। इस दौरान सामने आने वाली व्यवहारिक दिक्कतों और उनके समाधान से जुड़ी जानकारी भी दी गई। कार्यशाला में उपसंचालक अभियोजन अनुरेखा सिंह, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

- पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त कार्यशाला

## वन नेशन वन इलेक्शन पर सेमीनार आज

**भिलाई।** एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर एसएनजी विद्यालय ऑडिटोरियम सेक्टर-4 में 20 मई को शाम 4 बजे से कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच एक राष्ट्र एक चुनाव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। सेमीनार में वक्ताओं द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव विषय की संवैधानिक और लोकतांत्रिक व्याख्या प्रस्तुत की जाएगी। यह प्रणाली देश में संसाधनों की बचत, प्रशासनिक स्थिरता और लोकतंत्र की मजबूती के लिए किस प्रकार प्रभावी हो सकती है, की जानकारी देंगे। यंगिस्तान भिलाई द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम नागरिकों को इस राष्ट्रहित के विषय पर जागरूक करने और संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### कला मंदिर सिविक सेंटर में रवींद्रनाथ टैगोर की 164वीं जयंती पर मनमोहक प्रस्तुतियां

# रवींद्रनाथ के लिखे और स्वरबद्ध किए गीतों को हूबहू उनकी स्वरलिपि के अनुरूप मंच में उतारा, नाटक डाकघर का भी मंचन

**भिलाई।** गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की 164वीं जयंती के उपलक्ष्य पर रविंद्र सुधा नामक संस्था ने एक अनोखा कार्यक्रम कला मंदिर सिविक सेंटर में आयोजित किया। कार्यक्रम में गुरुदेव के लिखे और स्वरबद्ध किए गए गीतों को हूबहू उनकी स्वरलिपि के अनुसार ही प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने एक-एक गीत पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। गीतों के साथ ही रविन्द्र नृत्य की भी बेहतरीन प्रस्तुति बच्चों और युवा कलाकारों ने दी। साथ ही गुरुदेव द्वारा लिखित नाटक डाकघर की भी प्रस्तुति तीन पीढ़ी के कलाकारों ने निभाई।



## बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि गुरुदेव द्वारा रचित छः ऋतुओं जिनमें ग्रीष्म, बरखा, शरद, हेमंत, शीत, बसंत के गीतों का समूह गान किया गया। गायिकाएं छः ऋतुओं के रंगों की साड़ियां पहन कर मंच पर रंग बिखेर रही थीं। कार्यक्रम का एक और आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य रहा, जो रविंद्र संगीत के साथ प्रस्तुत किया गया। इस तरह नृत्य, नाट्य, संगीत से गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को उनके 164 वें जन्मदिन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में भारी संख्या में दर्शक मौजूद थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम की परिकल्पना एवं निर्देशन गुरु विश्वजीत सरकार एवं संचयिता राय ने किया। नाट्य निर्देशन मोऊ राय नृत्य, निर्देशन अमृता सान्याल का रहा। संगीत पक्ष में सांई चक्रवर्ती (सिंथेसाइजर), रणदीप बैनर्जी ( तबला) थे। संचालन मोऊ राय, सुचिता मुखर्जी एवं चैती पाल ने किया।



## वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने कार्यक्रम की प्रशंसा की



कार्यक्रम में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन भी पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा की।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार की प्रस्तुति दी गई, वह किसी भी मझे हुए कलाकारों से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि भिलाई जैसे शहर में इस प्रकार की अनोखी और दुर्लभ नृत्य कला देखने को मिल रही है, यह हमारा सौभाग्य है। कार्यक्रम में विशेष रूप से बीएसपी के पूर्व डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता, तृपर्णा दासगुप्ता, मानस विश्वास, तापस दासगुप्ता सहित शहर के वरिष्ठ कलाकार शक्ति चक्रवर्ती, दीपेंद्र हालदार, शायर मुमताज, बबलू विश्वास, मिथुन दास आदि उपस्थित रहे।



# सेंट्रल जोन ने एक विकेट खोकर ठोके 128 रन, तीन रन से जीता रोमांचक मैच

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित वूमेंस अंडर-19 टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत सोमवार को अंतिम लीग मैच मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में खेला गया। मैच सेंट्रल जोन और साउथ जोन के विरुद्ध हुआ। सेंट्रल जोन ने तीन रन से यह मैच जीता। सेंट्रल जोन ने एक विकेट पर 128 रन बनाए। इसमें अर्चिता मिस्त्री नॉट आउट 51 रन, कप्तान भाविका साहू ने 48 रन बनाए। विकेट कीपर शेख नाजिया ने नॉट आउट 15 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी साउथ जोन की टीम 8 विकेट पर 125 रन ही बना सकी। चांद चेलक ने 69 रन बनाए। निधि मंडावी ने 13 रन, चांदनी कुमारी ने 11 रन की पारी खेली। सेंट्रल जोन से अर्चिता मिस्त्री एवं इशिता नायक ने दो-दो विकेट



लिए। शांति बघेल जपनीत कौर एवं रेशमा शेख ने एक-एक विकेट लिया। एक अन्य मैच दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में वेस्ट जोन और नॉर्थ जोन के बीच खेला गया। वेस्ट जोन ने 35 रन से यह मैच जीता। लीग मैच के बाद चौथे स्थान पर रही वेस्ट जोन टीम ने 8 विकेट पर 108 रन बनाए। नॉर्थ जोन की टीम 8 विकेट पर 73 रन पर ढेर हो गई। इस प्रकार लीग मैच के बाद प्रथम स्थान पर सेंट्रल जोन, दूसरे स्थान पर साउथ जोन, तीसरे स्थान पर ईस्ट जोन, चौथे स्थान पर वेस्ट जोन और पांचवें स्थान पर नॉर्थ जोन की टीम रही।

# संस्कार यात्रा में बच्चों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर, महाभारत की झांकी का भी प्रदर्शन



**भिलाई।** रमेश चंद्र फाउंडेशन द्वारा 15 दिवसीय संस्कार यात्रा का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर कसरीडीह में किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मंत्रोच्चार एवं संस्कार गीत, आत्मरक्षा, संगीत(ढोलक, तबला, हारमोनियम), मेहंदी, सिलाई एवं बच्चों द्वारा महाभारत की झांकी जैसी विविध कलाओं का सुंदर प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रशिक्षु बच्चों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। वहीं कार्यक्रम में अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। कार्यक्रम में महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, बीजेपी के अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, संस्था की संचालक डॉ. मानसी गुलाटी, वैदिक गुरुकुल वेलफेयर फाउंडेशन अध्यक्ष के आशीष शर्मा और गौ सेवक, बजरंग दल संयोजक सौरभ देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

- रमेशचंद्र फाउंडेशन द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में 15 दिवसीय संस्कार यात्रा का आयोजन

### जिला अस्पताल व सिविल अस्पताल सुपेला में हर दिन 200 से ज्यादा मरीज पहुंच रहे

# गर्मी बढ़ने के साथ डिहाइड्रेशन और डायरिया के मामले बढ़े, बचाव के लिए शरीर में न होने दें पानी की कमी



कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** जिले में मौसम में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ऐसे में दिन भर उमस भरी गर्मी व रात में कम तापमान के कारण बड़ों के साथ-साथ शिशुओं, नवजात और बच्चों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उतार चढ़ाव वाले मौसम के कारण बच्चे डिहाइड्रेशन व डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। एक सप्ताह के दौरान डिहाइड्रेशन और डायरिया से पीड़ति 50 से ज्यादा बच्चे सिविल अस्पताल सुपेला पहुंचे। जिला अस्पताल दुर्ग में भी इतने ही बच्चे पहुंचे। उनके अलावा बड़ों में भी डि-हाइड्रेशन की समस्या सामने आ रही है। जनरल प्रैक्टिसनर डॉ. अनिल अग्रवाल बताते हैं कि संक्रमण के मद्देनजर अभी किसी का भी ज्यादा बीमार पड़ना उचित नहीं है। इसलिए बच्चों में डायरिया के लक्षणों के प्रति सतर्क रहें। उन्हें डिहाइड्रेशन से बचाकर एवं सही समय पर उचित प्रबंधन कर डायरिया से सुरक्षित रखें। उन्होंने बताया कि जब शिशुओं और बच्चे डायरिया की चपेट में आते हैं, तो उनको ज्यादा दस्त होती है। इसकी वजह से बच्चों के शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इसलिए पानी की कमी दूर करने और डायरिया से बचाने के लिए बच्चों को ओरल डिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस) और जिंक का घोल पिलाना अनिवार्य है।



## शरीर का तापमान सामान्य रखना आवश्यक, दोपहर में अनावश्यक घर से न निकलें, लू लगने पर चिकित्सकीय परामर्श लेना जरूरी

गाइनिक विशेषज्ञ डॉ. मानसी गुलाटी का कहना है कि गर्मी के बढ़ने को लेकर हमको शरीर का तापमान बैलेंस करना है। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे के बीच बाहर जाने से बचें। गर्मी से बीमार होने से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, दिन के सबसे गर्म समय में बाहर जाने से बचना और ढीले-ढाले, हल्के रंग के कपड़े पहनना महत्वपूर्ण है। साथ ही शरीर को ठंडा रखने के लिए प्रतिदिन 12 से 15 गिलास पानी और अन्य पेय पदार्थ लेना चाहिए। कोशिस करें घर का बना खाना ज्यादा खाएं। गर्मी में लू से बचने के लिए छाते, टोपी एवं रूमाल का प्रयोग करें। दही, नारियल पानी , नींबू, प्याज, मौसमी, संतरा, शरबत एवं ताजे फलों का रस पीएं।वहीं शिशुओं को अधिक से अधिक स्तनपान करवाएं। छह माह तक नियमित स्तनपान कराने से शिशु का डायरिया के अलावा अन्य अन्य गंभीर रोगों से बचाव होता है। शरीर में पानी के साथ जरूरी तत्व या इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे सोडियम, पोटैशियम क्लोराइड एवं बाइकार्बोनेट भी कम हो जाता है। इसलिए उसकी कमी दूर करने के लिए बच्चों को ओआरएस और जिंक का घोल दें। जिससे डिहाइड्रेशन में कमी और डायरिया से बचाव होगा।

## हीट वेव से बचने के लिए सूती और कॉटन के कपड़ों का करें इस्तेमाल

शास्त्री अस्पताल सुपेला के प्रभारी डॉ. पियाम सिंह ने बताया कि लू से बचने के लिए सुती या कॉटन के कपड़ों का इस्तमाल करें, साथ ही गमछा या स्कार्फ पहन कर निकलें। साथ ही खुले शरीर को सीधी धूप से बचाएं और धूप में नंगे पांव न चलें। इसके अलावा, ठंडी जगह पर रहना और जरूरत पड़ने पर चिकित्सीय सहायता लेना भी जरूरी है। डिहाइड्रेशन से बचने के लिए दिनभर में बार-बार पानी पीते रहें। नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी जैसे पेय पीए जिससे शरीर में ठंडक रहे।

## बाहर के खाने को करें अवाइड, घर का बना ताजा खाना खाएं

चिकित्सक डॉ. आदित्य फटिग ने कहा कि इस मौसम में विशेष सावधानी बरतें। साफ-सुथरा और ताजा खाना खाएं। खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचें। साफ पानी का ही सेवन करें। घर से निकलने से पहले एक लीटर पानी पीकर निकलें। ओरएस का पानी पीते रहें। खासतौर पर छोटे बच्चों की सेहत को लेकर लापरवाही ना करें और अगर किसी में बीमारी के लक्षण नज़र आएं तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें। इस समय की गई थोड़ी सी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है।

## सिटी इवेंट

# हज पर जा रहे लोगों का सम्मान हम सबका सौभाग्य-रिकेश



**भिलाई।** शहर से हज्जे बैतुल्लाह जा रहे जायरीनों का इस्तकबाल जुनवानी रोड के एक सभागार में किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल और एमआईसी भिलाई इंजीनियर सलमान सहित मस्जिद कमेटियों के ओहदेदार, मस्जिदों के इमाम-मुअज्जिन और जायरीने हज मौजूद थे। शुरुआत में जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम इकबाल अंजुम हैदर ने कुरआन की तिलावत की। उन्होंने इस दौरान कहा कि हज कोई मामूली सफर नहीं बल्कि खास इबादत का सफर है और हमारे बुजुर्गों का तरीका यह रहा है कि इस मुबारक सफर पर जाने वालों का इस्तकबाल करें। उन्होंने हज के दौरान अदा किए जाने वाले अराकान के बारे में बताया और कहा कि वहां आप जितनी और जिस हद तक की कुर्बानी पेश करेंगे उसका उतना ही इनआम आपको मिलेगा। आयोजन में पहुंचे वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने सभी जायरीनों को मुबारकबाद दी। इस दौरान शहर महापौर नीरज पाल ने भी जायरीनों का इस्तकबाल किया। उन्होंने कहा कि यह हम सबकी खुशकिस्मती है कि इतनी पवित्र यात्रा पर जा रहे लोगों का सम्मान कर रहे हैं। मुख्य आयोजक हजरत बिलाल मस्जिद हुडको के सदर शाहिद अहमद रज्जन ने सभी मेहमानों और जायरीनों का इस्तकबाल करते हुए हज के दौरान दुआओं की अपील की। इस दौरान हज पर जा रहे जिन आजमीने हज का इस्तकबाल किया गया, उनमें शब्बीर अहमद, अब्दुल अलीम खान, वहीद उद्दीन, अब्दुल माजिद, जुल्फिकार अली, अब्दुल फैयाज, अकीक उल्ला, अब्दुल फरीद निजामी, एजाज उद्दीन अहमद, याकूब अहमद, अब्दुल जहूर, मो० मुंशीर, ए.के एच बाशा बेग, अब्दुल जहूर, फुजैल अहमद, अली अकबर, आसिफ बेग, तहसीन अख्तर, मुनव्वर बेग और मोहतरमा सरवरी, गजाला परवीन, तहमीना खान व अकबरी बेगम सहित अन्य लोग शामिल हैं। सभी जायरीनों ने इस इस्तकबाल के लिए शुक्रिया अदा किया।

- महापौर नीरज पाल ने सभी के लिए दुआओं की गुजारिश की, मस्जिद कमेटियों के ओहदेदार भी रहे मौजूद

## समाज इवेंट

# सिंधी समाज की एकजुटता, उत्थान व संस्कृति को जीवित रखने हुई चर्चा



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सिन्धी पंचायत के द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को रायपुर में आयोजित की गई थी। इस प्रदेश स्तरीय बैठक में आदर्श सिन्ध ब्रादर मण्डल हाउसिंग बोर्ड के साथ खुर्सीपार सिंधी पंचायत भिलाई के पदाधिकारियों ने शिरकत की। इस अवसर पर सिन्धी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी एवं कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा दवरा छत्तीसगढ़ के सिन्धी समाज के अध्यक्षों व कमेटी के सदस्यों को प्रदेश स्तरीय बैठक में समाज के प्रदेश स्तरीय संविधान में संशोधन करने के लिए आमंत्रित किया गया था। भिलाई सिन्धी समाज के पदाधिकारियों ने भी इस बैठक में समाज की एकजुटता, उत्थान एवं संस्कृति को जीवित रखने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किये।इस अवसर पर हाउसिंग बोर्ड सिन्धी समाज के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हाउसिंग बोर्ड सिन्धी समाज अपनी संस्कृति को जीवित रखने के लिये सिन्धी भाषा पढ़ने, लिखने व बोलने के समर कैम्प एवं विभिन्न जयंतियों व बलिदान दिवस आयोजित कर समाज के बच्चों को संस्कृति के मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास सदैव किया जाता है। यही प्रयास संस्कृति को जीवंत रखने के लिए प्रदेश स्तर पर किया जाना चाहिए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत का नाम बदलने के बारे में सभी की सहमति ली गई। साथ ही नये सदस्य बनाने एवं उनकी योग्यता, पात्रता, अधिकारों के साथ उनके सदस्यता शुल्क निर्धारित करने के संबंध में भी विस्तृत रूप से चर्चा कर समाज के संगठन के पदाधिकारियों की संख्या निर्धारण एवं उनके कार्यकाल के विषय पर एवं प्रदेश स्तरीय चुनाव का स्वरूप, अध्यक्ष पद के लिए पात्रता एवं अध्यक्ष के अधिकारों संबंध में निर्मित संविधानों के बारे में चर्चा कर आम सहमति से संविधान निर्धारित किया गया। समाज की नेतृत्व क्षमता का विकास कर राजनीतिक क्षेत्र में भूमिका मजबूत करने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर खुर्सीपार के अध्यक्ष कैलाश वरंदानी ने समाज के युवाओं को नेतृत्व प्रदान करने के साथ खेलकूद, संस्कृति से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन का प्रस्ताव रखा।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए छात्राओं किया पुरस्कृत



**भिलाई।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित स्किल डेवलोपमेंट ट्रेनिंग सेंटर अंजोर के छात्राओं को बेहतरीन कार्य के लिए शील्ड मेडल से सम्मानित किया गया। प्रथम एजुकेशन फाउन्डेशन गैर सरकारी संस्था है, छत्तीसगढ़ राज्य मे कौशल उन्नयन अंतर्गत ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत प्रथम द्वारा आवासीय प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार प्रदान किया जा रहा है। दुर्ग अंजोरा में हॉस्पिटैलिटी प्रशिक्षण देने के बाद युवाओं को रोजगार भी मिल रहा है। फूड एंड बेवरेज कोर्स में ट्रेनिंग के साथ-साथ अन्य विषय भी सिखाएं जा रहें हैं, सेंटर में जिम्मेदारी से अवगत करने के लिए छात्राओं को विभिन्न कमिटी से जोड़ा गया है। फूड कमेटी, खेलकूद, बिजली, सेल्फस्टडी कमेटी में अहम भूमिका छात्राएं निभा रहे हैं।

● ऑपरेशन सिंदूर में हिस्सा लेने वाले इंडियन एयरफोर्स के जवान की माता का किया सम्मान

# मातृ शक्ति को सलाम करते हुए सेना के शौर्य को किया नमन महिलाओं ने देशभक्ति पर दी काव्य नाटिका की शानदार प्रस्तुति

**तू कितनी अच्छी है,, तू कितनी भोली है,, प्यारी प्यारी है ओ मां ओ मां,,, तेरी ऊंगली पकड़ के चला,,, जैसे मार्मिक गीतों और कविताओं को सुनकर सबकी आंखों से आंसू बहने लगे। वही भारत माता और देशभक्ति पर आधारित काव्य नाटिका भी महिलाओं द्वारा प्रस्तुत की गई। जिसे देख सभी महिलाओं देश प्रेम से ओत-प्रोत दिखाई दी। अवसर था तालपुरी में आयोजित मदर्स डे सेलिब्रेशन का। कार्यक्रम के दौरान पहलगाम में निर्दोष जान गवांने वालो को श्रद्धांजलि दी गई, वही ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी के शौर्य को नमन भी किया। ऑपरेशन सिंदूर में हिस्सा लेने वाले इंडियन एयरफोर्स के जवान की माता को भी सम्मानित किया गया।**



**भिलाई।** मातृ दिवस के उपलक्ष्य में तालपुरी बी ब्लॉक महिला समिति ने रविवार को मातृत्व शक्ति को सलाम करते हुए भावनाओं से भरी संध्या का आयोजन किया। क्लब हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम में मां को समर्पित दिल को छू देने वाली कविताएं प्रस्तुत की गईं, जिन्हें मां की ममता, धैर्य, स्नेह, विश्वास, बलिदान जैसे शब्दों से गढ़ा गया। एक ओर समिति के सदस्यों ने पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष पर्यटकों को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की तो दूसरी ओर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य को नमन भी किया। कार्यक्रम में शामिल सभी के दिलों में मातृ शक्ति के लिए अपार सम्मान और आंखों में सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकवादियों के खिलाफ गुस्सा तथा भावनाओं का उबाल भी देखने को मिला।

### मातृ शक्तियों ने किया मदर्स डे सेलिब्रेशन, मां के गीतों को सुन डबडबाई आंखे





### 'सारे जहां से अच्छा' पर दी प्रस्तुति

कार्यक्रम में एक गीत 'सारे जहां से अच्छा' पर आधारित काव्य नाटिका प्रस्तुत की गई। इसके अलावा समिति की कार्यकारिणी ने 'मां ओ मां' गाने को सुरीली आवाज में पेश किया। दूसरी ओर कार्यक्रम को मजेदार बनाने के लिए फिल्मी गाने की इमोजी पर महिलाओं ने परफॉर्म किया तथा थ्रो बॉल को कैच करने वाली महिलाओं ने भी बेहतरीन डान्स किया। इन दोनों अनूठे गेम्स में कविता पंत, अनीता दत्ता, सरोज सिन्हा, देव प्रभा, संचिता चक्रवर्ती तथा गीता पाटिल ने नृत्य पेश कर खूब वाहवाही लूटी। सूती ड्रेस कोड में टॉप फोर में कंचन सक्सेना, रीता चौहान, ट्विंकल साहू तथा विद्या शर्मा ने जगह बनाई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को लोकप्रिय तथा मनोरंजक गेम हाउजी खेली गई, जिसमें अलग-अलग पैटर्न के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।



### समिति में अब तक 210 से ज्यादा महिलाएं

समिति की अध्यक्ष एवं अधिवक्ता रेखा सिंह के नेतृत्व में इस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। नए सत्र के इस प्रथम कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर में हिस्सा लेने वाले इंडियन एयरफोर्स के जवान एवं तालपुरी निवासी सूर्या ताम्रकार के शौर्य की सराहना करते हुए उनकी माता छलिया ताम्रकार का सम्मान किया गया। इस मौके पर सदस्यता ग्रहण करने वाले नए सदस्यों का परिचय भी कराया गया। पिछले सात वर्षों से निर्विवाद रूप से समिति की कमान संभाल रहीं अध्यक्ष रेखा सिंह ने बताया कि अब तक 210 से ज्यादा महिलाएं सदस्यता ग्रहण कर चुकी हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष रेखा सिंह, उपाध्यक्ष महिमा ढोबले, सचिव नीतू साहू, उपसचिव सरोज तिवारी, कोषाध्यक्ष मोना सिंह व धनेश्वरी शर्मा तथा मीडिया प्रभारी रेखा मालवीय विशेष रूप से मौजूद थीं। इनके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों अनीता सिंह, मनोरमा सिंह, माला यादव, सरला श्रीवास्तव, आशा जानी, श्यामली मुखर्जी, सुशीला सूर्यवंशी, ममता शुक्ला, भावना मणि, कृतिका साव, सीमा देवांगन समेत काफी तादाद में महिलाओं ने शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन नीतू साहू ने किया।

## आयोजन...

# विदाई समारोह में विद्यार्थियों को सामाजिक सेवा करने किया प्रोत्साहित



**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई में सोमवार को स्नातकोत्तर, बी.बी.ए., बी.ए.जे.एम.सी., बी.एड. अंतिम सेमेस्टर एवं पी.जी. डिप्लोमा के विद्यार्थियों के लिए विदाई और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रशासक फादर डॉ. पी.एस. वर्गीस ने कहा कि विद्यार्थी सदैव शिक्षकों से ज्ञान प्राप्त करते हैं।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी लेने की आदत में रहते हैं और देना भूल जाते हैं, किंतु अब समय आ गया है कि वे समाज को कुछ लौटाएं और उसकी सेवा करें। जिन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्राप्त होती है, उन्हें भी आगे चलकर ज़रूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता करनी चाहिए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एम.जी. रॉयमोन ने विद्यार्थियों से सदैव प्रसन्नचित्त, आभारपूर्ण और सफल बने रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी ऊर्जा का उपयोग एकता, अखंडता एवं शांति को बढ़ावा देने में करें और इसकी शुरुआत स्वयं से, अपने परिवार से, अपने समुदाय से एवं फिर समाज से करें। अकादमिक डीन एवं मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. देबजानी मुखर्जी ने विद्यार्थियों की तुलना नवजात शिशु से करते हुए कहा कि जिस प्रकार शिशु जन्म के समय गर्भनाल से अलग होता है, उसी प्रकार विद्यार्थी कॉलेज से अलग होकर अपने भविष्य की ओर अग्रसर होते हैं।

माइक्रोबायोलॉजी डॉ. वी. शांति ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। एम.ए. इंग्लिश की छात्रा खुशबू पट्नायक, एम.एससी. केमिस्ट्री से रिया दत्ता शर्मा, बी.एड. से शाइनी, बी.बी.ए. से विमल कुमार यादव तथा एम.कॉम.से अनन्या तिवारी ने मंच पर आकर अपने अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सपना शर्मा ने अतिथियों और विद्यार्थियों का स्वागत किया। सहायक प्राध्यपक डॉ. नीलम गांधी ने मंच संचालन और अमिताभ शर्मा ने आभार प्रदर्शन किया।

## लोगों को किया जागरूक

# शहीद की जयंती पर पत्नी ने किया रक्तदान, लोगों को भी किया प्रेरित



**भिलाई।** मानव सेवा ही माधव सेवा का अनुसरण करते हुए सेना में शहीद की पत्नी द्वारा स्वर्गीय पति के जन्मदिन पर रक्त दान कर जरुरतमंद की सेवा की। जिसे देख कई और रक्तदाताओं ने रक्तदान महादान के कार्य में अपना रक्त दान किया। 2016 में कश्मीर के बॉर्डर पर देश की रक्षा करते हुए लेखू राम शहीद हो गए थे। शहीद के जन्मदिन पर उनकी पत्नी द्वारा रक्त दान का सेवा कार्य किया गया। शहीद की पत्नी द्वारा रक्त की आवश्यकता के लिए प्रभावित मरीज के लिए 6वीं बार बी पॉजिटिव रक्त दान जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में किया गया। साथ ही रेगुलर डोनर संजय कुमार धनकर द्वारा 12वीं बार और अरविंद कुशवाहा द्वारा 5वीं बार बी पॉजिटिव रक्त दान कर मानवीय सेवा और रचनात्मक कार्य का परिचय दिया। कर्तदाताओं ने का कि रक्त का कोई विकल्प नहीं होता। यह सेवा सभी को करनी चाहिए। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्त दान सेवा कार्य के दौरान नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण अग्रवाल, जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, हिमांशु चंद्राकर, तरन्नुम, कुसुम, सती गुप्ता, कौशल सहित अनय स्टाफ मौजूद थे।

## निशुल्क ट्रैक सूट का वितरण और आर्थिक कमजोर खिलाड़ी को रेल किराया भी

# नेशनल गतका चैंपियनशिप के लिए छग से 65 खिलाड़ियों का हुआ चयन, गोल्ड मैडल विजेता को मिलेगी एक साल तक स्कालरशिप

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा गुरुनानक स्कूल सेक्टर-6, भिलाई में छत्तीसगढ़ गतका टीम में चयन के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। इस ट्रायल में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 130 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने 14 से 25 आयु वर्ग में हिस्सा लिया। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से 65 खिलाड़ियों का चयन किया गया। एसो. के टेक्निकल हेड अमन सिंघ और मुख्य कोच पृथ्वीपाल सिंघ के नेतृत्व में खिलाड़ियों के प्रदर्शन और अनुशासन के आधार पर प्रत्येक वर्ग में 10-10 खिलाड़ियों की टीम बनाई गई। कुल 65 खिलाड़ियों का चयन हुआ, जिनकी घोषणा एसोसिएशन की उपाध्यक्ष कल्पना स्वामी द्वारा की गई।



### आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों को मिलेगा रेल किराया

इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदरजीत सिंघ ने चयनित सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने बताया कि सभी चयनित खिलाड़ियों को एसोसिएशन की ओर से ट्रैकसूट निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के खिलाड़ियों को नेशनल प्रतियोगिता के लिए रेल यात्रा का खर्च भी एसोसिएशन द्वारा वहन किया जाएगा।



### गतका से आत्मरक्षा के साथ ही मानसिक और आत्मिक मजबूती भी- इंदरजीत

इंदरजीत सिंघ छोटू ने यह भी घोषणा की कि 12 से 14 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाली नेशनल गतका चैंपियनशिप में गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज पदक विजेताओं को 20 हजार 15 हजार और 10 हजार का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी को एक वर्ष की शैक्षणिक फीस स्कॉलरशिप के रूप में दी जाएगी। उन्होंने गुरुनानक स्कूल प्रबंधन का आभार जताते हुए कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य इस ऐतिहासिक खेल को छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में पहचान दिलाना है। गतका न केवल आत्मरक्षा का माध्यम है, बल्कि यह मानसिक और आत्मिक मजबूती भी प्रदान करता है। इस अवसर पर एसोसिएशन के इंदरजीत सिंघ, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंघ, महासचिव जसवन्त सिंघ खालसा, कल्पना स्वामी, छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत के वाइस चैयरमेन पलविंदर सिंह रंधावा, सिक्ख यूथ फोरम के अध्यक्ष सुच्चा सिंघ, एसोसिएशन के रामदास सिंघ, अमन सिंघ, पृथ्वीपाल सिंह, राजवीर सिंह, धमतरी एसोसिएशन के वेदराम साहू, गेंदराम, संध्या शर्मा, दीपांकर मिर्जा, सभी जिलों के पदाधिकारी और दर्शक उपस्थित रहे।

ज्योतिष

## इन तीन राशि के जातकों के लिए शुभ रहने वाला है गंगा दशहरा का पर्व



हर साल ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को हर साल गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है, जो मां गंगा को समर्पित होता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन गंगा में स्नान करने और पितरों का तर्पण करने से व्यक्ति को न केवल पिछले दस जन्मों के पापों से छुटकारा मिलता है, बल्कि जीवन में किए गए गंभीर अपराधों से भी मुक्ति मिल सकती है। इस वर्ष गंगा दशहरा 5 जून 2025 को मनाया जाएगा।

### गंगा दशहरा 2025 शुभ योग

इस बार गंगा दशहरा खास ज्योतिषीय संयोग के साथ आ रहा है। पर्व से ठीक पहले शुक्र और राहु-केतु का गोचर कुछ राशियों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालेगा। इन जातकों को न केवल आर्थिक लाभ होगा, बल्कि उनका आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता भी बढ़ेगी।

इन राशियों की बदल सकती है किस्मत

**मेष राशि :** मेष राशि के लिए यह पर्व बेहद शुभ रहने वाला है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और प्रभावशाली लोगों से संपर्क बढ़ सकते हैं। पुराने निवेश से लाभ मिलने के संकेत हैं। करियर से जुड़ा कोई बड़ा निर्णय सफल हो सकता है। साथ ही वरिष्ठों का सहयोग मिलने से चल रही परेशानियाँ दूर होंगी।

**कन्या राशि :** गंगा दशहरा का पर्व कन्या राशि वालों के लिए शुभ साबित हो सकता है। इस दिन पुराने अटके कार्य पूरे होंगे और विरोधियों पर जीत मिलेगी। कार्यक्षेत्र में उन्नति के योग बन रहे हैं। साथ ही आर्थिक पक्ष मज़बूत होगा और पुराने कर्जों से राहत मिलने की संभावना है। इसके अलावा स्वास्थ्य में भी सुधार देखने को मिल सकता है।

**मिथुन राशि :** इस राशि के जातकों को ग्रहों की चाल का सीधा लाभ मिलेगा। शिक्षा और करियर में नई दिशा मिलेगी। साहस और आत्मबल में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा लोग नई नौकरी या स्थानांतरण का विचार कर सकते हैं। राहु की स्थिति आपकी चतुराई को बढ़ाएगी, जिससे योजनाओं को सफलतापूर्वक अमल में ला पाएंगे।

## दाहिनी आंख फड़कने का रहस्य जानिए पुरुषों और महिलाओं के लिए इसके अलग-अलग संकेत



कई बार हमारे शरीर के कई अंग जैसे आंख, होंठ या कभी हाथ बिना किसी कारण हिलने लगता है। सामुद्रिक शास्त्र में इसे केवल संयोग नहीं माना जाता, बल्कि इसका संबंध भविष्य में घटने वाली घटनाओं से माना जाता है। आज हम जानेंगे कि दाहिनी आंख के फड़कने को लेकर क्या मान्यता है। दरअसल, यह संकेत पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग होता है

**महिलाओं में दाहिनी आंख फड़कने के संकेत :** अगर किसी महिला की दाहिनी आंख फड़कती है, तो यह आमतौर पर अशुभ संकेत माना जाता है। मान्यता है कि इससे आने वाले समय में उन्हें मुश्किल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। यह पारिवारिक कलह, मानसिक तनाव, स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं, या किसी अप्रिय समाचार का संकेत हो सकता है। यह संकेत सावधानी बरतने और मानसिक रूप से खुद को मजबूत बनाए रखने की ओर इशारा करता है।

**पुरुषों में दाहिनी आंख फड़कने के संकेत :** जहां महिलाओं के लिए यह अशुभ संकेत माना जाता है, वहीं पुरुषों में दाहिनी आंख का फड़कना सकारात्मक माना गया है। इसे शुभ संकेतों में गिना जाता है। यह कार्यों में सफलता मिलने, नौकरी या कारोबार में तरक्की, आर्थिक लाभ या रुका हुआ धन प्राप्त होने की संभावना लिए होता है। साथ ही आपको किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मिलने का अवसर भी मिल सकता है।

**अगर बाईं आंख फड़के तो करें ये उपाय :** यदि बाईं आंख फड़क रही हो, तो इन उपायों को आजमा सकते हैं। इसके लिए आप घर के मंदिर में शुद्ध घी का दीपक जलाएं देवी लक्ष्मी को खीर का भोग लगाएं। भगवान गणेश को सुपारी अर्पित करें। तुलसी पर दीपक जलाएं और तुलसी दल भगवान विष्णु को चढ़ाएं। साथ ही जरूरतमंदों को भोजन कराएं या मिठाई बांटें। इन उपायों से नकारात्मकता दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

आर्टिफिशियल स्वाद, प्रिजर्वेटिव्स और चीनी से बने प्रोटीन पाउडर सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं

# बाजार के महंगे प्रोडक्ट के बजाय डाइट में शामिल करें ये होममेड प्रोटीन पाउडर

प्रोटीन हमारे शरीर के विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह कोशिकाओं के निर्माण, मरम्मत के लिए बहुत जरूरी होता है। यही वजह है कि बहुत से लोग शरीर में प्रोटीन की कमी को दूर करने के लिए बाजार के प्रोटीन पाउडर का सेवन करते हैं। लेकिन, बाजार में मिलने वाले महंगे प्रोटीन पाउडर अक्सर आर्टिफिशियल स्वाद, प्रिजर्वेटिव्स और चीनी से बने होते हैं, जो सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में घर पर बना प्रोटीन पाउडर एक स्वस्थ, किफायती विकल्प है।



### होममेड प्रोटीन पाउडर के फायदे

बादाम, अखरोट, काजू और बीजों में प्रोटीन की उच्च मात्रा होती है, जो मांसपेशियों के निर्माण और मरम्मत में मदद करता है।
चिया और अलसी के बीज फाइबर से भरपूर होते हैं, जो पाचन तंत्र को सुचारू रखते हैं और कब्ज से राहत देते हैं।
इस पाउडर में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड (अलसी और चिया सीड्स से) और हेल्दी फैट (नट्स से) कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करते हैं और हृदय से संबंधित जोखिम को कम करते हैं।
खजूर प्राकृतिक मिठास और ऊर्जा प्रदान करते हैं, जबकि विटामिन ई, सी और एंटीऑक्सीडेंट्स (नट्स और बीजों से) रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं।

### कैसे करें सेवन?

होममेड प्रोटीन पाउडर का सेवन कई आसान और स्वादिष्ट तरीकों से किया जा सकता है। सुबह आप 1-2 चम्मच पाउडर को दूध या स्मूदी में मिलाकर पी सकते हैं। इसे दलिया, दही या फल सलाद में छिड़ककर भी खाया जा सकता है, जो स्वाद और पोषण दोनों बढ़ाता है। वर्कआउट के बाद इस पाउडर का सेवन कर सकते हैं इससे मांसपेशियों को पोषण मिलता है।

### होममेड प्रोटीन पाउडर बनाने की सामग्री

2 चम्मच कच्चे खरबूजे, कद्दू और सूरजमुखी के बीज
1 चम्मच कच्चे अलसी के बीज
2 चम्मच चिया सीड्स
1/4 कप मोटे कटे सूखे खजूर
1 कप बादाम
आधा कप अखरोट और कच्ची मूंगफली
1/4 कप काजू और पिस्ता

### बनाने की विधि

होममेड प्रोटीन पाउडर बनाने के लिए सबसे पहले एक नॉन-स्टिक पैन लें और उसमें बादाम, अखरोट, मूंगफली, काजू और पिस्ता को बारी-बारी से हल्का भूनें। इसके बाद, खरबूजे, कद्दू, सूरजमुखी और अलसी के बीजों को भी हल्के से भून लें। भूनने के बाद सभी सामग्री को पूरी तरह ठंडा होने दें। जब सामग्री ठंडी हो जाए, तो उसमें चिया सीड्स और मोटे कटे सूखे खजूर मिलाएं। अब इस मिश्रण को ब्लेंडर में डालकर बारीक पाउडर बना लें। तैयार पाउडर को एक एयरटाइट डिब्बे में स्टोर करें और रोजाना अपनी डाइट में शामिल करें।

## फलों में सुपरफूड माना जाता है पपीता खाली पेट खाने से 4 फायदों की है गारंटी

पपीता, एक ऐसा फल है जो न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसे पोषक तत्वों का खजाना भी कहा है। बहुत से लोग इसे सुपरफूड भी कहते हैं क्योंकि इसके नियमित सेवन के कई स्वास्थ्य लाभ हैं। खासतौर पर सुबह खाली पेट पपीता खाने के कई स्वास्थ्य लाभ हैं, जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। पपीता में विटामिन, खनिज, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में होता है, जो पाचन से लेकर त्वचा और इम्यूनिटी तक को बेहतर बनाने मदद करता है।

**पपीता क्यों है सुपरफूड ?**

पपीता में विटामिन सी, ए, ई, फोलेट, पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। यह हृदय स्वास्थ्य, कैंसर के खतरे को कम करने और आंखों की रोशनी बढ़ाने में भी मदद करता है। अच्छी बात यह है कि यह फल बाजार में आसानी से किफायती मूल्य पर उपलब्ध हो जाता है।

**पाचन तंत्र को बनाए मजबूत :** पपीता पाचन के लिए सबसे बेहतरीन फलों में से एक है। इसमें पपैन नामक एंजाइम होता है, जो पाचन तंत्र को सुचारू रखता है। सुबह खाली पेट पपीता खाने से कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याएं दूर होती हैं। इसमें मौजूद फाइबर पेट साफ रखने में मदद करता है और आंतों को स्वस्थ रखता है। इसके नियमित सेवन से पेट हल्का रहता है और पाचन संबंधी समस्याएं कम होती हैं।



**इम्यूनिटी बूस्ट करता है :** पपीता विटामिन सी का एक उत्कृष्ट स्रोत है। एक मध्यम आकार का पपीता आपकी दैनिक विटामिन सी की जरूरत को पूरा कर सकता है। सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ती है।

**त्वचा को बनाए चमकदार :** पपीता त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन ए, सी, ई और बीटा-कैरोटीन होते हैं, जो त्वचा को पोषण देते हैं और उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करते हैं। सुबह पपीता खाने से त्वचा में नमी बनी रहती है, जिससे मुंहासे और दाग-धब्बे कम होते हैं। पपैन एंज़ाइम डेड सेल्स को हटाने में मदद करता है, जिससे त्वचा चमकदार और मुलायम बनती है।

## गर्मियों में डिहाइड्रेशन से बचाने के साथ पूरे शरीर को स्वस्थ रखेगा ये सुपरफूड

खीरा को गर्मियों का सुपरफूड माना जाता है। ये कई गुणों से भरपूर होता है, सबसे खास बात ये आपको डिहाइड्रेशन से बचा सकता है। खीरे में लगभग 95 प्रतिशत पानी होता है, जो शरीर को इलेक्ट्रोलाइट्स प्रदान करते हैं। देशभर में गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है। तेज धूप और बढ़ता तापमान डिहाइड्रेशन के खतरे को तो बढ़ाता ही है साथ ही इससे हीट स्ट्रोक होने का जोखिम भी काफी बढ़ जाता है। इन समस्याओं से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अलर्ट करते हैं। क्या आप गर्मी और लू से बचाव के लिए जरूरी उपाय कर रहे हैं?

आहार विशेषज्ञ कहते हैं, इस मौसम में सभी लोगों अपने खान-पान को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहना चाहिए। खीरा को आहार का हिस्सा जरूर बना लें, ये आपकी सेहत के लिए इस मौसम में विशेष लाभकारी हो सकता है।

**गर्मियों का सुपरफूड है खीरा :** खीरा को गर्मियों का सुपरफूड माना जाता है। ये कई गुणों से भरपूर होता है, सबसे खास बात ये आपको डिहाइड्रेशन से बचा सकता है। खीरे में लगभग 95 प्रतिशत पानी होता है, इसके साथ ये शरीर को इलेक्ट्रोलाइट्स भी प्रदान करता है। ये ठंडक देने के साथ मांसपेशियों और तंत्रिका कार्य, रक्त



पीएच और सामान्य हृदय गति के लिए महत्वपूर्ण है। खीरे में कैलोरी की मात्रा भी बहुत कम होती है।

**लो कैलोरी और पोषक तत्वों में फुल :** एक मध्यम आकार के खीरे में आमतौर पर केवल 30-40 कैलोरी होती है। लो कैलोरी की मात्रा के बावजूद, खीरा महत्वपूर्ण विटामिन और खनिज प्रदान करता है। इसमें विटामिन-सी होता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। फ्लेवोनोइड्स और टेनिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट कोशिकाओं की क्षति को रोकते हैं। इसमें मौजूद मैग्नीशियम और पोटैशियम मांसपेशियों के कार्य और हृदय के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। खीरे में मौजूद विटामिन-के शरीर को कैल्शियम को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं।



## सेहत में सुधार के लिए बेन स्टोक्स ने छोड़ी ये आदत, स्वस्थ रहना है तो आप भी गांठ बांध लीजिए ये बात

इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपनी सेहत में सुधार के लिए एक बड़ा फैसला लिया है, जिसकी खूब चर्चा हो रही है। पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी एशेज श्रृंखला के लिए फिट रहने और सेहत में सुधार के लिए उन्होंने रिहैबिलिटेशन के दौरान शराब पीना बंद कर दिया है। तेजतर्रार क्रिकेटर ने कहा कि इस साल की शुरुआत में ही उन्होंने शराब से दूरी बना ली थी, 2 जनवरी से बिल्कुल भी शराब नहीं पी। विशेषज्ञों ने कहा कि शराब छोड़ने से रिकवरी अच्छी होती है और सेहत में भी सुधार होता है।

दुनियाभर के स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को लाइफस्टाइल की जिन गड़बड़ आदतों से दूरी बनाने की सलाह देते रहे हैं, शराब और धूम्रपान उनमें प्रमुख है। शराब पीने की आदत न सिर्फ आपको कई प्रकार की गंभीर बीमारियों यहां तक कि कैंसर का शिकार बना सकती है, साथ ही ये बीमारियों से रिकवरी में भी समस्या उत्पन्न करती है।

शराब पीने से क्या दिक्कतें होती हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, शराब के सेवन से कई तरह के अल्पकालिक और दीर्घकालिक दुष्प्रभाव हो सकते हैं। कई अध्ययन इस बात को प्रमाणित करते हैं कि जो लोग शराब पीते हैं उनमें लिवर डैमेज होने-लिवर कैंसर, हृदय रोग सहित कई अन्य प्रकार के कैंसर का जोखिम अधिक होता है। शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी शराब के दुष्प्रभाव देखे जाते हैं। ये आदत स्ट्रेस-एंग्जाइटी और कुछ स्थितियों में अवसाद के खतरे को भी बढ़ाने वाली हो सकती है।

शराब छोड़ने से क्या होता है?

अमेरिकन बोर्ड ऑफ ओबेसिटी मेडिसिन की मेडिकल डायरेक्टर रेखा बी. कुमार ने एक रिपोर्ट में बताया कि अगर आप शराब पीने से 30 दिन का भी ब्रेक ले लेते हैं तो इससे कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। इसका सबसे बड़ा लाभ ये है कि आपमें कई प्रकार के कैंसर और हृदय रोगों का जोखिम कम हो सकता है। आप बेहतर नींद का भी अनुभव करने लगते हैं। शराब छोड़कर सेहत को ठीक करने के लिए कई हिस्सों में "ड्राई जनवरी" मनाया जाता है। इसमें छुट्टियों के मौसम के बाद खुद को फिर से तरोताजा करने के लिए लोग एक महीने तक शराब पीना बंद कर देते हैं।

थोड़ी मात्रा में भी शराब पीना सुरक्षित नहीं

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि शराब का सेवन किसी भी स्तर (थोड़ी मात्रा भी) पर मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित नहीं है। सभी लोगों को इस खतरनाक आदत से बचना चाहिए। अगर आप शराब पीते हैं और इसे अभी से छोड़ने का निश्चय कर लेते हैं तो आपको कुछ ही दिनों में लाभ दिखने शुरू हो जाते हैं। शराब पीने वालों में समय के साथ लिवर सिरोसिस का खतरा रहता है। अध्ययनों में पाया गया है कि शराब छोड़ने के कुछ ही दिनों के बाद आपका लिवर फिर से ठीक होने की प्रक्रिया में आ जाता है।

### शराब छोड़ने के फायदों को भी जानिए


शराब छोड़ने के एक महीने के भीतर कोलेस्ट्रॉल के स्तर में सुधार होने लगता है, जिसे हृदय रोगों का प्रमुख जोखिम कारक माना जाता है।
आपमें पेट-लिवर, ब्रेस्ट और कोलन कैंसर का खतरा भी कम हो जाता है।
शराब पीने से वजन बढ़ने का जोखिम रहता है, जब आप इसे छोड़ते हैं तो कुछ ही महीनों में आपका वजन फिर से सामान्य होने लग जाता है।
शराब छोड़ने से मस्तिष्क की कार्यक्षमता और नींद की गुणवत्ता में भी सुधार आने लगता है।
शराब कई दवाओं के साथ रिएक्ट कर सकता है। ऐसे में तेज रिकवरी के लिए भी शराब से दूरी बनाने की सलाह दी जाती है।

कार्नर न्यूज

50 साल से कम उम्र के पुरुषों में भी प्रोस्टेट कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं

# हर 8 में से एक पुरुष को प्रोस्टेट कैंसर का खतरा पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन भी हो गए हैं शिकार

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन कैंसर से पीड़ित हैं। रविवार को पूर्व राष्ट्रपति के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उनमें 'आक्रमक स्तर' के कैंसर का निदान किया गया है, उपचार के लिए डॉक्टरों की टीम के साथ चर्चा की जा रही है। उन्हें पिछले कुछ समय से मूत्र संबंधी दिक्कतें हो रही थीं, जिसके बाद पिछले सप्ताह डॉक्टरों ने जांच के दौरान प्रोस्टेट से संबंधित समस्या का निदान किया। शुक्रवार को उनमें प्रोस्टेट कैंसर का पता चला, कैंसर कोशिकाएं हड्डियों तक फैल गई हैं। फिलहाल की स्थिति को देखते हुए डॉक्टर्स ने बताया कि ये बीमारी का अधिक आक्रामक रूप है, लेकिन कैंसर हार्मोन-संवेदनशील प्रतीत होता है, जिसका मतलब है कि इसका प्रभावी रूप से इलाज किया जा सकता है। इस खबर के सामने आने के बाद से दुनियाभर के बड़े नेताओं ने पूर्व राष्ट्रपति के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।



### पुरुषों में बढ़े हैं प्रोस्टेट कैंसर के मामले

पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन को जिस प्रकार के कैंसर का पता चला है, उसके मामले पिछले एक दशक में काफी तेजी से बढ़ते हुए देखे जा रहे हैं। मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि प्रोस्टेट कैंसर का समय पर पता चलने पर इसकी गंभीरता से बचा जा सकता है, लेकिन यह पुरुषों में कैंसर से होने वाली मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण भी है। जिसका मतलब है कि ज्यादातर लोगों में इसका समय पर निदान नहीं हो पाता है, जिसके कारण कैंसर के गंभीर रूप लेने और जान जाने का जोखिम काफी बढ़ जाता है।

### प्रोस्टेट कैंसर होता क्या है?

प्रोस्टेट पुरुषों में प्रजनन प्रणाली का हिस्सा है। यह वीर्य के लिए तरल पदार्थ बनाता है। प्रोस्टेट ग्रंथि में विकसित होने वाला ये कैंसर आमतौर पर वृद्ध लोगों को प्रभावित करता है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में कम उम्र के लोगों में भी इसका खतरा बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी पुरुषों को इस गंभीर कैंसर के मामलों को लेकर अलर्ट रहना चाहिए।

### कितनी खतरनाक है ये बीमारी?

जो बाइडन के कार्यालय की तरफ से साझा की गई जानकारियों के मुताबिक उनका कैंसर हड्डियों तक फैल गया है, जो इसे प्रारंभिक चरण के प्रोस्टेट कैंसर से अधिक गंभीर बनाता है। मैसाचुसेट्स जनरल ब्रिघम कैंसर सेंटर के डॉ. मैथ्यू स्मिथ ने कहा कि हाल के दशकों में प्रोस्टेट कैंसर के इलाज में काफी सुधार हुआ है। इलाज के माध्यम से मरीज चार-पांच साल या उससे अधिक समय तक जीवित रह सकते हैं। स्मिथ ने कहा- इसका इलाज तो किया जा सकता है पर इसे ठीक नहीं किया जा सकता। मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के लिए उन दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है जो शरीर में हार्मोन के स्तर को नियंत्रित करती हैं और कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि को धीमा करती हैं।



### प्रोस्टेट कैंसर कैसे पता लगाएं? क्या तरीका है

हालिया अध्ययनों की रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि भारत में 50 साल से कम उम्र के पुरुषों में भी प्रोस्टेट कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी पुरुषों को इस गंभीर कैंसर के मामलों को लेकर अलर्ट रहना चाहिए। कुछ टेस्ट हैं जिसकी मदद से आप आसानी से पता कर सकते हैं कि कहीं आपको भी तो ये बीमारी नहीं है? विशेषज्ञों की टीम ने इसके लिए एक नई खोज की है। मेडिकल रिपोर्ट्स के मुताबिक जल्द ही किट के माध्यम से घर पर ही स्लाइवा (लार) का परीक्षण करके प्रोस्टेट कैंसर का परीक्षण किया जा सकता है। कैंसर रिसर्च यूके में विशेषज्ञ नासर तुराबी कहते हैं, फिलहाल एग्रेसिव प्रकार के प्रोस्टेट कैंसर का पता लगाने के लिए कोई सटीक और पुख्ता तरीका नहीं है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दर्शकों को पसंद आया टॉम क्रूज का एक्शन जलवा बिखेर रहा 'मिशन इंपॉसिबल 8'



बॉक्स ऑफिस इन दिनों टॉम क्रूज का जलवा देखने को मिल रहा है। मिशन इम्पॉसिबल सीरीज की आठवीं फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग सिनेमाघरों में दर्शकों द्वारा पसंद की जा रही है। कमाई के मामले में ये फिल्म नए-नए कीर्तिमान बना रही है। वहीं, दूसरी ओर हॉलीवुड की एक और फिल्म 'फाइनल डेस्टिनेशन ब्लडलाइन्स' भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी रफ्तार बनाए हुए है। टॉम क्रूज की 'मिशन इम्पॉसिबल' सीरीज की भारत में काफी लोकप्रियता है। यही कारण है कि जब सीरीज की अंतिम फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग' भारत में रिलीज हुई, तो दर्शक फिल्म को देखने के टूट पड़े। फिल्म लगातार अच्छी कमाई कर रही है। अब 'मिशन इंपॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग' ने संडे को छुट्टी के दिन शानदार कमाई करते हुए 17.69 करोड़ का कारोबार किया। इससे पहले शनिवार को अपने पहले दिन फिल्म ने 17.50 करोड़ की कमाई की थी। जिसके साथ ही दो दिनों में ही फिल्म की कुल कमाई 35.19 करोड़ रुपए पहुंच गई। 'मिशन इंपॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग' को लेकर भारत में रिलीज से पहले ही काफी उत्साह था। इसीलिए फिल्म को अमेरिका से भी पहले भारत में रिलीज किया गया। टॉम क्रूज और मिशन इम्पॉसिबल सीरीज की लोकप्रियता का ही नतीजा है कि इस फिल्म ने पहले ही दिन 'ओपनहाइमर' जैसी ऐतिहासिक फिल्म का रिकॉर्ड तोड़ दिया था।

### टॉलीवुड

## 'द गर्लफ्रेंड' के लिए बेसब्र फैंस को रश्मिका का जवाब, शानदार है ये फिल्म



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना बॉलीवुड और साउथ फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। इस वक्त वह अपनी अपकमिंग फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। इस फिल्म का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है, जिसे सोशल मीडिया पर जल्द रिलीज करने के लिए ट्रेंड किया जा रहा है। अब फिल्म को लेकर अभिनेत्री ने जानकारी साझा करते हुए फैंस को तसल्ली दी है। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' के प्रति दर्शकों की बेसब्री देख अपने एक्स अकाउंट पर ट्वीट किया है। उन्होंने फिल्म निर्देशक राहुल रविंद्रन के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'मेरे प्यारों, मुझे पता है कि आपको इंतजार करना पड़ रहा है और आपका ट्रेंड भी शानदार है। आप भरोसा रखें, राहुल रवींद्रन इस फिल्म को आपके लिए शानदार बनाने में जुटे हैं। यह एक खास फिल्म है।' आगे ट्वीट में अभिनेत्री ने लिखा, 'ये शानदार फिल्म है, जिनके बारे में आमतौर पर ज्यादा बात नहीं होती। ये पूरी तरह किरदारों पर बनी फिल्म है और यही इसकी सबसे खास बात है। हम वादा करते हैं कि हम आपको सबसे बेहतरीन फिल्म देंगे और ये इंतजार आपके लिए यादगार होगा। आज आपने जो प्यार दिखाया, उसके लिए हम प्रक्रिया को और तेज करेंगे और जल्द से जल्द ये फिल्म आपके सामने लाएंगे।' एक्ट्रेस के इस ट्वीट पर निर्देशक राहुल रविचंद्रन ने रीट्वीट करते हुए जवाब दिया। उन्होंने लिखा, यह लड़की हमारी फिल्म की आत्मा और रीढ़ है। बहुत ज्यादा प्यार रश्मिका और हां, वास्तव में हम आप सभी को एक अच्छा अनुभव देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## 'जेठानी' की शूटिंग शुरू, पहली बार रानी चटर्जी के साथ नजर आएगा यह भोजपुरी स्टार



रानी चटर्जी जल्द ही फिल्म 'जेठानी' में नजर आएंगी। इस फिल्म की शुटिंग आज से शुरू हो चुकी है, जिसकी जानकारी फिल्म के हीरो ने सोशल मीडिया पर शेयर कर दी है। रानी मुखर्जी की नई फिल्म 'जेठानी' की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है। इस फिल्म को लेकर फिल्म के एक्टर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है और साथ ही रानी की जमकर तारीफ भी की है। फिल्म में बतौर हीरो पहली बार रानी चटर्जी के साथ नजर आ रहे एक्टर अयाज खान ने आज इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपनी आगामी फिल्म 'जेठानी' की शूटिंग को लेकर जानकारी शेयर की है। इस पोस्ट में दो तस्वीरें हैं। पहली तस्वीर में रानी चटर्जी के साथ अयाज खान क्लैप बोर्ड पकड़े नजर आ रहे हैं - जिस पर लिखा है - 'जेठानी'। दूसरी तस्वीर भी इन दोनों स्टार्स की ही है। इस पोस्ट के साथ अयाज खान ने कैप्शन में लिखा, मैं और रानी जी बहुत फिल्म साथ में किए है, लेकिन पहली बार मैं उनको हीरो बना हूं, कुछ अलग देखने को मिलेगा आप सब को रानी जी की जितनी तारीफ करूं कम है।

## ये अभिनेत्रियां अपने स्टाइल से ढा रही हैं कहर




आज के समय में अगर 90 के दशक की सबसे ग्लैमरस अभिनेत्रियों का जिक्र करें तो उसमें मलाइका अरोड़ा का नाम सबसे ऊपर होगा। धक-धक गर्ल के रूप में पहचानी जाने वाली अभिनेत्री माधुरी दीक्षित एथनिक से लेकर वेस्टर्न ड्रेस तक में वो अपनी मुस्कान और ग्रेस से सबका दिल जीत लेती हैं। आज कई दशकों के बाद भी करिश्मा कपूर वेस्टर्न और इंडियन वियर दोनों में बेहद स्टाइलिश और शालीन अंदाज में दिखाई देती हैं। वो अक्सर इंडो वेस्टर्न आउटफिट पहनना पसंद करती हैं। शिल्पा शेट्टी का स्टाइल आज भी युवाओं को टक्कर देता है। साड़ी ड्रेपिंग से लेकर फ्यूजन आउटफिट्स तक, हर लुक में वह कमाल लगती हैं। रवीना टंडन आज के समय में भी अपने बोल्ड और रॉयल लुक्स से लाइमलाइट बटोरती हैं। उनके एथनिक आउटफिट्स और रेड कारपेट लुक्स बेहद इंप्रेसिव होते हैं।

## चाहिए गहरा-काला रंग तो मेहंदी में ये चीजें मिलाकर बालों में करें अप्लाई

आज के समय में लोगों की बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल का असर सीधा उनकी सेहत के साथ-साथ उनकी त्वचा और बालों पर पड़ता है। कम उम्र में ही युवाओं के बाल सफेद होने लगे हैं, जिसकी वजह से वो टेंशन में आ गए हैं। सफेद बालों को काला करने के लिए लिए वैसे तो बाजार में तमाम तरह के कलर आते हैं, लेकिन ये रंग बालों को खराब भी कर सकते हैं।

इसलिए आज भी युवा बालों का रंग काला करने के लिए मेहंदी का इस्तेमाल करते हैं। सिर्फ मेहंदी के इस्तेमाल से बाल काले नहीं होते हैं, इसके लिए आपको कुछ नुस्खे आजमाने पड़ेंगे।

यहां हम आपको इन्हीं नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं। ताकि आप बिना टेंशन लिए अपने बालों को कलर कर पाएं। इसके लिए आपको मेहंदी में कुछ चीजें अप्लाई करनी हैं।



### कॉफी

कॉफी का इस्तेमाल से आपके बाल न सिर्फ काले होंगे, बल्कि इससे बालों की जड़ें भी मजबूत बनेंगी। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले तो एक कटोरी में मेहंदी पाउडर लें। अब इसमें दो से तीन चम्मच कॉफी पाउडर मिक्स करें। दोनों चीजों का पेस्ट तैयार करके अब इसे अपने बालों में अप्लाई करें। आधे घंटे के बाद बालों को धो लें। इससे बालों का रंग प्राकृतिक रूप से काले हो जाएंगे।

### चाय

हर भारतीय रसोई में चाय की पत्ती तो आसानी से मिल ही जाती है। ऐसे में इसके इस्तेमाल से भी अपने बालों को काला कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले कटोरी में मेहंदी पाउडर लेकर उसमें चाय की पत्ती का पानी डालें। ध्यान रखें कि चाय का पानी तैयार करने के लिए उसे काफी देर तक खौलाएं, ताकि इसका रंग अच्छा दिखे। इससे भी आपके बाल काले हो जाएंगे।

### कत्था

हम यहां उसी कत्थे की बात कर रहे हैं, जो पान में यूज होता है। इससे मेहंदी में शानदार कलर आता है। इसे मेहंदी में मिक्स करने के लिए कत्था को कूटकर इसका दरदरा पाउडर बना लें। अब इसे मेहंदी पाउडर में मिलाकर पेस्ट बनाएं और बालों में लगा लें। ये बालों को प्राकृतिक रूप से काला रखने में मदद करता है।

### आंवला

यदि आपके पास आंवला पाउडर रखा है, तो इसका इस्तेमाल भी आप बालों को काला करने के लिए कर सकते हैं। ये बालों को पोषण देकर बालों का रंग गहरा काला करता है। इसके इस्तेमाल के लिए मेहंदी पाउडर में आंवला पाउडर मिक्स करें और फिर उसका पेस्ट तैयार कर लें। अब इसका इस्तेमाल अपने बालों में करें और एक घंटे के बाद बालों को धो लें।

## रेडी टू वियर साड़ी खरीदने जा रही हैं तो याद रखें ये बातें, वरना पैसे होंगे बर्बाद




भारतीय महिलाओं की जिंदगी में साड़ी काफी अहम किरदार निभाती है। ज्यादातर महिलाओं को साड़ी पहनना काफी पसंद भी होता है, क्योंकि इसे वो शादी-विवाह से लेकर पूजा-पाठ और पार्टियों तक में कैरी कर लेती हैं। आज के समय में बहुत सी महिलाओं को साड़ी पहनना तो काफी पसंद होता है, लेकिन वो इसे सही से पहन नहीं पातीं। ऐसे में उनके लिए रेडी टू वियर साड़ी एक बेहतरीन विकल्प माना जाता है।

रेडी टू वियर साड़ी महिलाओं को प्लीट्स और पल्लु सेट करने जैसे झंझट से आजाद करती है। युवा लड़कियों के बीच ये साड़ी काफी पॉपुलर मानी जाती है। अगर आप भी रेडीमेड साड़ी पहनने का मन बना रही हैं, तो खरीदते समय इन कुछ खास बातों का ध्यान रखें ताकि साड़ी देखने में भी सुंदर लगे।

**साइज होना चाहिए सही :** जब भी रेडी टू वियर साड़ी खरीदने जाएं तो उसका साइज अवश्य चेक करें। अक्सर दुकानदार ये कहकर आपको साड़ी बेच देते हैं कि ये फ्री साइज होती है, जबकि ऐसा नहीं होता है। यदि आप बिना साइज चेक किए साड़ी खरीदेंगी तो हो सकता है ये लंबी हो या फिर छोटी भी। इसे आप फोल्ड करके एडजस्ट भी नहीं कर सकतीं।

**फिटिंग देखें :** यदि साइड परफेक्ट है तो एक बार ट्राई करके उसकी फिटिंग देख लें। रेडी टू वियर साड़ी में हुक लगा होता है, जो साड़ी को अटैच करता है। यदि ये साइड में सही नहीं होगी, तो इस हुक को बंद करने में परेशानी होगी। वहीं गलत फिटिंग की साड़ी में पल्लु भी खराब दिख सकता है। इसलिए एक बार फिटिंग अवश्य चेक कर लें।

**फैब्रिक देखें :** फॉर्मल इवेंट्स के लिए बेस्ट जॉर्जेट या क्रेप फैब्रिक की साड़ी परफेक्ट मानी जाती है। यदि किसी शादी विवाह में रेडी टू वियर साड़ी पहननी है तो सिल्क और बनारसी फैब्रिक का चयन करें। गर्मियों में ऐसे ही साड़ी पहननी है तो आज-कल बाजार में सूती रेडी टू वियर साड़ी भी मिलने लगी हैं।

**ब्लाउज देखें :** अक्सर रेडी टू वियर साड़ी के साथ का ब्लाउज सिंपल होता है। इसलिए एक बार चेक कर लें और पहनकर भी देख लें। ध्यान रखें कि प्लेन साड़ी के साथ प्लेन ब्लाउज अच्छा नहीं लगता है। कोशिशि करें कि साड़ी यदि प्लेन है तो उसका ब्लाउज हैवी हो, जिसपर वर्क भी खूबसूरत हो।

**ड्रेपिंग स्टाइल चेक करें :** रेडी टू वियर साड़ियों में ज्यादातर पल्लु और प्लीट्स पहले से ही फिक्स होते हैं। जिसको कैरी करना काफी आसान होता है। जबकि कुछ साड़ियां लहंगा स्टाइल या धोती स्टाइल में आती हैं, जो मॉडर्न और फ्यूजन लुक देती हैं।

## बढ़ती उम्र में अभिनेत्रियां कैसे रखती हैं अपनी स्किन का ध्यान?

90 के दशक की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो आज के समय में भले ही पर्दे पर कम दिखती हैं, लेकिन उनकी खूबसूरती सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरों में देखने को मिल जाती है। इन अभिनेत्रियों के खिले-खिले चेहरे को देखकर हर किसी के मन में एक न एक बार तो ये सवाल आता है कि आखिर ये इतनी खूबसूरत कैसे हैं ? आखिर इनके चेहरे पर बढ़त उम्र के निशान क्यों नहीं हैं ? आपके इन्हीं सवालों का जवाब लेकर हम आज आए हैं।



### नियमित स्किन केयर है जरूरी


ये जानना आपके लिए बेहद जरूरी है कि उम्र चाहे जो भी हो लेकिन नियमित स्किन केयर रूटीन फॉलो करना हर किसी के लिए बेहद जरूरी है। सबसे पहले तो हर किसी को सीटीएम रूल फॉलो करना चाहिए। ये एक बेसिक स्किन केयर रूटीन होता है, जिससे त्वचा साफ, संतुलित और हाइड्रेटेड रहती है। दिन में दो बार सीटीएम रूल के तहत चेहरा साफ करें। अपनी उम्र के हिसाब से रेटिनोल, हायलूरोनिक एसिड या विटामिन C युक्त सीरम का इस्तेमाल करना भी समय रहते शुरू कर दें, ताकि आपके चेहरे बढ़ती उम्र के लक्षण न दिखें। इन सबसे अलग सनस्क्रीन को तो अपनी जेब में ही रखना शुरू कर दें और हर तीन से चार घंटे में इसका इस्तेमाल करें।

### मेकअप से रहें दूर

अभिनेत्रियां भले ही शूटिंग के दौरान कितना भी मेकअप कर लें, लेकिन एक समय के बाद वो मेकअप से दूरी बना लेती हैं। मेकअप का इस्तेमाल फिर वो सिर्फ उसी वक्त करती हैं, जब उन्हें कहीं जाना हो या फिर शूटिंग करनी हो। यदि मेकअप कर रही हैं तो सोने से पहले उसे सही तरह से साफ करना बेहद जरूरी है। अगर आप मेकअप के साथ ही सो जाएंगी तो इसका असर आपकी स्किन पर पड़ेगा। मेकअप खरीदते समय भी ये ध्यान रखें कि ये हाई-क्वालिटी और स्किन-फ्रेंडली हो, ताकि किसी तरह की एलर्जी का खतरा न रहे।

## गर्मी से बेजान हो गई है त्वचा तो अपनाएं ये नुस्खे, खिल उठेगी आपकी स्किन

कौन नहीं चाहता कि उसकी त्वचा खिली-खिली रहे। लेकिन गर्मी के मौसम में चेहरा अपने आप डल होने लगती है। दरअसल, गर्मी में तेज धूप और पसीने से त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में स्किन का सही तरीके से ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। डल स्किन को हटाने के लिए वैसे तो महंगी-महंगी क्रीमें बाजार में मिलती हैं, लेकिन कई बार ये असर नहीं दिखातीं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपकी स्किन की खोयी हुई रंगत फिर से वापस आ जाएगी।



**एलोवेरा जेल लगाएं :** गर्मी से त्वचा बेजान हो रही है तो एक बार पैच टेस्ट करने के बाद दिन में कम से कम दो बार एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। एलोवेरा त्वचा को ठंडक देता है, हाइड्रेट करता है और डलनेस दूर करता है। इसलिए आप बिना सोचे इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

**आलू का रस :** यदि गर्मी से चेहरे पर काले धब्बे और टैनिंग हो रही है तो उसके लिए आलू का रस आपकी मदद करेगा। इसके लिए आलू को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें और फिर उसे चेहरे पर अप्लाई करें।

**नींबू और शहद का फेसपैक :** चेहरे की डलनेस को दूर करने के लिए इस पैक का इस्तेमाल किया जा सकता है। नींबू ब्लीचिंग का काम करता है और शहद त्वचा को मॉइस्चराइज करता है। ऐसे में सबसे पहले तो एक कटोरी में शहद लें। इसके बाद इसमें नींबू का रस मिक्स करें।

**गुलाब जल :** दिन में बीच-बीच में गुलाब जल को चेहरे पर स्प्रे करते रहें। ये एक अच्छे टोनर के रूप में काम करता है। इसका इस्तेमाल आप सीटीएम रूटीन में भी फॉलो कर सकते हैं। गुलाब जल आपके चेहरे को हाइड्रेट भी रखेगा।

### कार्नर न्यूज

## लुक ट्रेडिशनल के साथ मॉडर्न फैशन को बखूबी दर्शाता है

एलिगेंस-ग्लैमर का साथ में मिलेगा तड़काबॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे एक बार फिर अपने फैशन सेंस को लेकर सुर्खियों में हैं। ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2025 के रेड कार्पेट पर उन्होंने पारंपरिक साड़ी को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ कैरी कर एक नया स्टाइल स्टेटमेंट सेट किया। मशहूर डिजाइनर मसाबा गुप्ता की आइवरी साड़ी और मेटैलिक गोल्डन स्ट्रैपलेस ब्लाउज़ में अनन्या का लुक बेहद एलिगेंट और ग्लैमरस नज़र आया। सटल मेकअप, पर्ल चोकर और स्टाइलिश हेयरडू ने उनके पूरे लुक को और भी खास बना दिया। उनका यह लुक ट्रेडिशनल के साथ मॉडर्न फैशन को बखूबी दर्शाता है।

## पार्टी में पहननी है हल्के रंग की साड़ी, तो अनन्या पांडे के इस लुक से लें आइडिया




### स्टाइलिंग में भी दिखी क्लास

अनन्या के इस लुक को सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट प्रियंका कपाड़िया ने स्टाइल किया। उन्होंने अनन्या को ऐसा लुक दिया जो जिसमें ज्यादा ध्यान बारीक डिटेलिंग पर किया गया है। आउटफिट के साथ अनन्या ने एक लेयर्ड पर्ल चोकर पहना है, जिसमें नॉटेड डिज़ाइन है। यह खूबसूरत नेकपीस 'गज़दर ज्वेलर्स' का है। इसके अलावा, उन्होंने एक क्रिसेंट शेप (अर्धचंद्राकार) क्लच कैरी किया है, जो उनके आउटफिट के साथ परफेक्टली मैच कर रहा है।

### हेयर और मेकअप लुक

अनन्या पांडे का हेयर और मेकअप लुक भी उनके आउटफिट की तरह बेहद सटल और एलिगेंट है। उन्होंने अपने बालों को सॉफ्ट अपडू में स्टाइल किया है, जिससे उनके चेहरे की खूबसूरती और निखरकर सामने आ रही है। मेकअप की बात करें तो अनन्या ने डीवी स्किन फिनिश को चुना, जिसमें न्यूड लिप्स, सॉफ्ट ब्लश और डेफाइंड आईज़ शामिल है। यह मेकअप लुक न केवल उनके पूरे आउटफिट के साथ पूरी तरह बैलेंस कर रहा है, बल्कि सादगी और क्लास का परफेक्ट कॉम्बिनेशन भी पेश कर रहा है। उनका यह लुक ट्रेंडी और ग्रेसफुल दोनों लग रहा है।

### फैंस को भाया अनन्या का नया अंदाज़

फैंस को भाया अनन्या का नया अंदाज़- अनन्या का यह साड़ी लुक सोशल मीडिया पर भी काफी पसंद किया जा रहा है। फैंस उनके इस एलिगेंट और ग्रेसफुल अंदाज़ की तारीफ करते नहीं थक रहे। रेड कार्पेट पर अक्सर वेस्टर्न लुक्स छाए रहते हैं, लेकिन अनन्या ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि साड़ी को मॉडर्न टच देकर भी ग्लैमरस और फैशनेबल बना जा सकता है।

### फैशन प्रेमियों के लिए परफेक्ट इंस्पिरेशन

अगर आप किसी वेडिंग फंक्शन, रिसेप्शन या फेस्टिव पार्टी में ट्रेडिशनल के साथ मॉडर्न स्टाइल का परफेक्ट कॉम्बिनेशन अपनाना चाहती हैं, तो अनन्या पांडे का यह लुक आपके लिए बेहतरीन इंस्पिरेशन बन सकता है। मसाबा गुप्ता की डिजाइन की हुई आइवरी साड़ी को मेटैलिक गोल्डन स्ट्रैपलेस ब्लाउज़ के साथ पेयर कर अनन्या ने जो एलिगेंट और ट्रेंडी लुक क्रिएट किया है, वो खास मौकों के लिए एकदम परफेक्ट है। सटल मेकअप, सॉफ्ट हेयरडू और पर्ल एक्सेसरीज़ इस लुक को और भी आकर्षक बना देते हैं। आप भी न्यूड टोन मेकअप और हल्के ज्वेलरी के साथ ऐसा ही लुक ट्राई कर सकती हैं। यह लुक न सिर्फ फैशनेबल है बल्कि बेहद कम्फर्टेबल भी है। ट्रेडिशनल आउटफिट को मॉडर्न ट्विस्ट देने का यह स्टाइल यंग फैशन प्रेमियों के लिए एक परफेक्ट गाइड हो सकता है।